हरिभूमि
रायपुर भूमि



ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच

पंचमी में ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। गुरुवार को हजार की संख्या में यात्री दर्जन लोकल व एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। डोंगरगढ़ से भी वापसी में यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। रायपुर से डोंगरगढ़ जाने एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री कंफर्म सीट के लिए रिजर्वेशन करा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच है। वंदे भारत में नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ जाने के लिए काफी यात्री मिल रहे हैं। 500 से अधिक सीटों में रोजाना बुकिंग देखने को मिल रही है।

आस्था का सफर... मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने ट्रेनों में रोज बिक रहे 5000 टिकट, अब वंदेभारत भी पैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- दिनभर एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा, दिन की तुलना में रात के समय अधिक भीड़
- वंदे भारत में भी डोंगरगढ़ के लिए वेटिंग शुरू, एक्सप्रेस में नहीं मिल रही कन्फर्म सीट

नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पहले दिन से ही बड़ी संख्या में लोग रोजाना डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन दिनभर में डोंगरगढ़ के लिए किया है। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हो रही है। आलम ये है कि ट्रेन से डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। माता के दर्शन के लिए भीड़ में धक्के खाते हुए लोग सफर करने को मजबूर हैं। स्टेशन पर सुबह 7 से रात 9 बजे तक हर एक से दो घंटे के बीच यात्रियों को डोंगरगढ़ के लिए ट्रेन की सुविधा मिल रही है। हरिभूमि ने गुरुवार को पंचमी के दिन लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों का जायजा लिया। जल्दी पहुंचने के लिए ज्यादातर यात्री लोकल के बजाय एक्सप्रेस से डोंगरगढ़ जाना चाहते हैं। इस वजह से जिन ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ दिया गया है, उनमें इन दिनों भारी भीड़ है। जनशताब्दी, शिवनाथ, आजाद हिंद समेत हावड़ा-अहमदाबाद में मेले के सामान भीड़ देखने को मिली। रायपुर में एक ट्रेन में एक ⏭शेष पेज 13 पर

नवरात्रि विशेष



षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महिर्ष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

त्योहारी सीजन में राशन दुकानों से मिठास गायब, कारखानों से ही सप्लाई नहीं हो रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली त्योहार नवंबर के पहले पखवाड़े में है। इसके ठीक पहले सार्वजनिक वितरण योजना अंतर्गत संचालित उचित मूल्य की दुकानों से मिठास गायब हो गई है। इसकी वजह छत्तीसगढ़ सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों से शक्कर की आपूर्ति प्रभावित होना बताया जा रहा है। छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर दफ्तर से मिली जानकारी के अनुसार शक्कर उत्पादक कारखाने से सितंबर में शक्कर की सप्लाई ही नहीं की गई है, जिसके कारण निगम ने उचित मूल्य दुकानों में अक्टूबर में वितरण होने वाली शक्कर का आबंटन नहीं किया है। इधर आबंटन नहीं होने से उचित मूल्य की दुकानों से कार्ड धारकों को शक्कर नहीं मिल रही है। दुकानदार चावल एवं नमक ही वितरण कर रहे हैं। रायपुर जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानों में अक्टूबर के लिए शक्कर का आबंटन नहीं किया गया है। इस कारण से दुकानों में चालू माह की शक्कर का वितरण भी बंद है। हालांकि कई हितग्राही सितंबर में खाद्यान्न उठा नहीं पाए थे। ऐसे छूटे हितग्राहियों को 15 अक्टूबर तक वितरण करने का आदेश खाद्य विभाग ने जारी किया है। इसके तहत गुरुवार को वितरण का अंतिम दिन था। इस दिन तक कई हितग्राहियों को सितंबर का चावल के साथ शक्कर भी बांटी गई है, लेकिन हितग्राहियों को चालू माह के कोटे की शक्कर नहीं मिल रही है।

हरिभूमि सरोकार



जल्द से जल्द करने का प्रयास

कारखाने से शक्कर की आपूर्ति नहीं हुई है, इसलिए उचित मूल्य दुकानों में भंडारण नहीं किया जा सका है। हितग्राहियों को बिना शक्कर के लौटना नहीं पड़े, इसके लिए जल्द से जल्द शक्कर की आपूर्ति का प्रयास किया जा रहा है। आते ही दुकानों में भंडारण कराया जाएगा।

- त्रिनाथ रेड्डी, डीएम
नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर

कारखानों से सप्लाई प्रभावित होने की जानकारी अफसरों को भी नहीं

सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों से आखिकर शक्कर की सप्लाई प्रभावित क्यों हुई है, इसकी जानकारी खाद्य विभाग एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं। उनका यही कहना है कि शक्कर की आपूर्ति होते ही तत्काल उचित मूल्य दुकानों में इसका भंडारण कराया जाएगा।

दुकानदारों को मिल चुकी है सूचना

कुछ उचित मूल्य दुकानों के संचालकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अक्टूबर में शक्कर का भंडारण नहीं होगा। इसकी जानकारी पहले ही नागरिक आपूर्ति निगम से उन्हें मिल चुकी है। इस सूचना के आधार पर दुकानों में पहुंचने वाले हितग्राहियों को भी इसकी जानकारी दे रहे हैं।

एक साथ दो माह के वितरण की संभावना

विभागीय सूत्र की माने तो अक्टूबर में अगर शक्कर वितरण नहीं होती है, तो नवंबर में एक साथ दो माह के शक्कर वितरण किए जाने की संभावना है। हालांकि इसे लेकर अभी कोई स्पष्ट निर्देश विभाग को नहीं मिले हैं।

25 करोड़ रुपए की रंगदारी शोएब ढेबर के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व पार्षद तथा कांग्रेस नेता आनंद कुकरेजा से 25 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार आरोपी शोएब ढेबर के खिलाफ पुलिस ने लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक उसके दोबारा गिरफ्तारी के आदेश के समय से पुलिस ने लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। पुलिस को आरोपी के चोरी छिपे नेपाल फरार होने की आशंका है। शोएब ढेबर के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी कराने का उद्देश्य देश के सभी हवाई अड्डों और अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियों पर तैनात संबंधित अधिकारियों को सतर्क करना है, ताकि आरोपी किसी भी सूरत में विदेश यात्रा का ⏭शेष पेज 13 पर

- नेपाल भाग जाने की आशंका

दोबारा गिरफ्तारी के आदेश के बाद से फरार

निचली अदालत में जमानत मिलने के बाद पुलिस ने सेशन कोर्ट में शोएब ढेबर की जमानत को चुनौती दी थी। पुलिस द्वारा जमानत को चुनौती दिए जाने की भनक लगते ही आरोपी को अपनी गिरफ्तारी का अंदेशा हो गया था। इस कारण वह पुलिस तथा कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए फरार हो गया। आरोपी की खोजबीन के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीम गठित की है।

गैस एजेंसी के सुपरवाइजर की आंख में मिर्च पावडर डालकर सवा लाख की लूट

विधानसभा थाना क्षेत्र के मोतीनगर, कचना खेल मैदान के पास की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारी सीजन में पुलिस की कड़ी चौकसी के बीच ग्रामीण थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक गैस एजेंसी के सुपरवाइजर को लूट का शिकार बनाया है। बाइक सवार अज्ञात दो लड़कों ने आंख में मिर्च पावडर डालकर सुपरवाइजर से 1.27 लाख रुपए लूट लिए। घटना विधानसभा थाना के मोतीनगर, कचना खेल मैदान के पास गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे की है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर विधानसभा सीएसपी विरेंद्र चतुर्वेदी, विधानसभा टीआई सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए हैं। पुलिस के अनुसार इंडियन गैस एजेंसी के सुपरवाइजर पन्नालाल के साथ बदमाशों ने लूट की है। गैस एजेंसी पिरदा में संचालित है। उनका ऑफिस शंकर नगर में है। पन्नालाल गोडाउन सुपरवाइजर है। बताया जा रहा है, घटना दिनांक को सुपरवाइजर ऑफिस बंद करने के बाद वापस पिरदा लौट रहा था। इस दौरान बाइक सवार बदमाश उनका पीछा करते हुए ⏭शेष पेज 13 पर

- बाइक सवार दो युवक पीछे से आए और सुपरवाइजर की आंख में मिर्च पावडर डालकर रुपयों से भरा बैग ले भागे



रिंग रोड-3 के रास्ते भागे बदमाश

लूट करने के बाद बदमाशों के रिंग रोड-3 के रास्ते भागे जाने की पुलिस को जानकारी मिली है। रिंग रोड तीन के रास्ते से लुटेरे बिलासपुर या फिर मंदिर हसौद मार्ग की ओर भाग सकते हैं। रिंग रोड तीन से बिलासपुर तथा मंदिर हसौद दोनों तरफ जाने का रास्ता है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने बदमाशों को जल्द से जल्द पकड़ने का दावा किया है।

किसी को सूचना न दे पाए, इसलिए मोबाइल भी लूट लिया

घटना के बाद पीड़ित किसी को घटना की सूचना न दे पाए, इस बात को ध्यान में रखते हुए दोनों बदमाश गैस एजेंसी के सुपरवाइजर की जेब से मोबाइल भी लूट कर अपने साथ ले गए। पीड़ित के शोर मचाने पर आस-पास से गुजर रहे लोग उनके पास पहुंचे और उनकी आंख में पानी डालकर नार्मल किया। इसके बाद पीड़ित ने दूसरे की मदद से डॉयल-112 को घटना की जानकारी दी।

ट्रैफिक चालान की एपीके फाइल भेज 2.90 लाख ठगे

रायपुर। डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ ट्रैफिक चालान के नाम पर एपीके फाइल भेज 2.90 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंगोराभाठा निवासी दीपक पाण्डेय ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने 13 अक्टूबर को ट्रैफिक चालान का लिंक भेजा।

32 वर्षीय महिला के गर्भस्थ शिशु की हो चुकी थी मृत्यु

फट चुकी थी बच्चेदानी और मूत्राशय पांच घंटे सर्जरी कर बचाई जान

प्रसव प्रयास के दौरान भारी रक्तस्राव से बिगड़ी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गंभीर प्रसूति जटिलता से जूझ रही 32 वर्षीय महिला की जान आंबेडकर अस्पताल की महिला चिकित्सकों ने पांच घंटे जटिल सर्जरी करके बचाई। गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो चुकी थी और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण महिला की जान खतरे में थी। ऐसे कठिन समय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की टीम ने लगभग पांच घंटे तक जटिल सर्जरी की। मरीज को 10 यूनिट रक्त एवं रक्त घटक चढ़ाए गए। इसके बाद दो दिनों तक ⏭शेष पेज 13 पर



निकालनी पड़ी बच्चेदानी

मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए तत्काल उपचार शुरू किया गया और आपातकालीन सर्जरी की तैयारी की गई। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल के नेतृत्व में डॉ.नीलम सिंह, डॉ.अर्पणा वर्मा और डॉ.नीति गोसाई की टीम ने जटिल सर्जरी को अंजाम दिया। बच्चेदानी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उसे निकालना पड़ा। सर्जरी विभाग की डॉ.प्राची के सहयोग से क्षतिग्रस्त ⏭शेष पेज 13 पर

दो दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट

सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। उसे वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता पड़ी और क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती किया गया। यहां डॉ.ओपी सुंदरानी की टीम की देखरेख में दो दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट के साथ गहन चिकित्सा प्रदान की गई। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के साथ निश्चेतना, क्रिटिकल केयर, सर्जरी, ब्लड बैंक और नर्सिंग टीम ने लगातार समन्वय के साथ उपचार जारी रखा। निरंतर निगरानी और सामूहिक प्रयासों से मरीज की स्थिति में सुधार हुआ। अंततः वह खतरे से बाहर आई और स्वस्थ होकर अपने घर लौट गई।



Ninh 2X7 हरिभूमि

SHREE BALAJI BUILDERS

Presents

Gunjan's Aayojan

Symbol of Trust
at
Since 1957
ANOPCHAND TILOKCHAND
Jewellers
Kotwali chowk Raipur

SAMBHV
STEEL PIPES & TUBES
सब संभव है

SHRI VISHNU DEO SAI JI
HONOURABLE CHIEF MINISTER
CHHATTISGARH

DHOLIDA™
2026

An Event By Gunjan's Aayojan

SUNIL LODHI
Hanuman Ansh Singer

कंगना आ रही है

ASHTVINAYAKA REALTIES

16 To 19 October
Time : 8:00 PM

Supported by
SINDHI COUNCIL OF INDIA
CHHATTISGARH REGION

CELEBRITY GUEST
KANGANA RANAUT
MEMBER OF PARLIAMENT &
BOLLYWOOD SUPERSTAR

Raheja Group
SSIPMT RAIPUR
ITSA HOSPITALS
MAHADEVA GROUP by Madhyani's GROWING WITH COMMITMENTS
Central India's Largest Family Fashion Store SHREE SHIVAM MEN | WOMEN | KIDS WEAR
Gwaala The Food Hub
AmuseORama
HARSUN SOLAR HARVESTING THE SUN
MATS UNIVERSITY
Chhattisgarh Full of surprises Chhattisgarh Tourism Board
CGHIDB CHHATTISGARH HOUSING AND INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD
SHRI SWASTIK GROUP
Mountain Breeze THUNDA FUNDA
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
CHACHA BUILDERS & DEVELOPERS
Suresh MASALE
RALAS MOTORS RAIPUR
Vishwabharti Automobiles Pvt. Ltd.
KALDA HOSPITAL
Harsh Media
KP News
लल्लूराम
FOUR CORNERS
JK MOTION INDIA
ASA ADVERTISING AGENCY
QUALITY
Webx Digital MARKETING AGENCY
BAWAAL BUZZ
BRIK Marketing & Automation
THSF
Generation

GUNJAN CHAUHAN CHANDEL
EVENT ORGANISER

Amara Zora Ground Raipur
Free Passes

खबर संक्षेप

मतदाता सूची में नाम जोड़ने अभियान शुरू



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के पूर्व सदस्य व नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पद्मा चंद्राकर ने बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के मतदाताओं से आग्रह किया है कि 18 वर्ष पूर्ण हो चुके बच्चों, परिजनों का नाम नहीं जुड़ा हो, वे अपने वार्ड में स्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी लेकर फॉर्म भरकर जुड़वा सकते हैं। इसके अलावा मतदाता दूसरे वार्ड में चले गए हैं, वे अपने निवास वाले वार्ड में नाम शिफ्ट करा सकते हैं।

सप्रे स्कूल मैदान में 50 फीट के रावण का होगा दहन



रायपुर। ऐतिहासिक सप्रे स्कूल मैदान बूढ़ापारा में इस वर्ष भी 'भव्य दशहरा उत्सव' पूरे हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल के साथ मनाया जाएगा। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक यह उत्सव 20 अक्टूबर 2026 को होने जा रहा है। बूढ़ापारा दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शहर के प्रमुख और भव्य आयोजनों में से एक है। बूढ़ापारा दशहरा उत्सव समिति इस भव्य परंपरा को पिछले 15 वर्षों से लगातार निभाती आ रही है। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि नागरिकों और श्रद्धालुओं को एक अविस्मरणीय और सुरक्षित अनुभव मिल सके। मैदान में विशाल मंच, बैठने की व्यवस्था और रोशनी का विशेष प्रबंध किया जा रहा है।

निधन

घनश्याम पित्रोड़ा



रायपुर। डीडीनगर निवासी घनश्याम पित्रोड़ा (काका गैरेज वाले वसंत भाई) का 14 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे प्रज्ञा पित्रोड़ा के पति, शीनम, वीनल, हर्ष के पिता थे।

महोबा बाजार पौनी-पसारी परिसर की 14 दुकानों के शटर डाउन, चबूतरा लेकर भी नहीं बैठ रहे आवंटिती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के महोबा बाजाार में नगर निगम द्वारा पौनी पसारी योजना अंतर्गत बनाए गए दो मंजिला परिसर की 19 दुकानों के शटर 7 साल बाद भी डाउन हैं। यही नहीं, पुश्तैनी व्यवसाय करने वालों के लिए बनाए गए 48 चबूतरों के आवंटन के बाद भी कई दुकानदार चबूतरा लेकर कारोबार नहीं कर रहे।

इसके कारण बाजार परिसर की रौनक प्रभावित हो रही है। नगर निगम का बाजार विभाग पौनी पसारी में अरसे से बंद 14 दुकानों को 30 साल की लीज पर देने एक बार फिर ऑनलाइन टेंडर निकाल रहा है। इन दुकानों को लीज पर देने पहले भी 10 बार से अधिक निविदा करने के बाद भी दुकानें उठ नहीं पाईं।

खास बातें

- बाजार विभाग ने दुकानों को 30 साल की लीज पर देने किया टेंडर
- 3 हजार प्रीमियम और 300 रुपए महीना की बैठकी शुल्क पर चबूतरा आवंटन



7 साल से 14 दुकानों के शटर डाउन

पौनी पसारी बाजार में 14 दुकानें बनाई गईं, जिसके शटर पिछले 7 साल से बंद हैं। निर्माण के बाद एक बार भी दुकान नहीं खुलने से शटर जाम हो गए हैं। नगर निगम के बाजार विभाग ने इन दुकानों को लीज पर देने कई बार टेंडर किया, पर निविदा में अपेक्षित रेट नहीं मिलने की वजह से दुकानें नहीं बिक पाईं। निविदा में भाग लेने वाले व्यवसायिओं का कहना है कि दुकानों के रेट इतने ज्यादा रखे गए कि निविदा भरने से लोग कतराते हैं।

प्रदेश में पुश्तैनी व्यवसाय करने वाले गरीब व मध्यवर्गीय परिवार के हुनरमंदों को सम्मानपूर्वक आजीविका चलाने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में पौनी पसारी योजना अंतर्गत सर्व सुविधा युक्त बाजार की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

राजधानी के महोबाजार में इस योजना के तहत नगर निगम ने पौनी पसारी परिसर का निर्माण कराया। पौनी पसारी बाजार निर्माण के समय योजना बनाने वालों ने इस बात का ध्यान नहीं रखा कि फुटकर व्यवसायिओं के लिए नीचे तल पर चबूतरा बनाया जाए, जिससे उन्हें पर्याप्त संख्या में ग्राहक मिल सकें। ऊपर तल पर खरीदारी करने के लिए कई ग्राहक कतराते हैं, यह बात आवंटितियों ने खुद स्वीकार की है। ग्राउंड फ्लोर पार्किंग के लिए रखा गया है।

बिजली पोल हटाने कार्यवाही शुरू

सरोना से लाभांडी तक 10-10 मीटर सर्विस लेन निर्माण कार्य का टेंडर 29 को खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर अंतर्गत मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में सरोना से लाभांडी तक सर्विस लेन चौड़ीकरण को मिली मंजूरी के बाद अब टेंडर भी जारी कर दिया गया है। इसके तहत 14.25 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों ओर सर्विस लेन की चौड़ाई 5-5 मीटर से बढ़ाकर अब 10-10 मीटर की जाएगी। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने लगभग 100 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। टेंडर खुलने से पहले इस मार्ग पर लगे विद्युत पोल एवं तारों को हटाने की कार्यवाही होनी है। इसके लिए एनएचएआई ने लगभग 24 करोड़ 30 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इस राशि में से 8 करोड़ रुपए विद्युत विभाग को जारी किया है, जिसके बाद इस मार्ग पर लगे विद्युत पोल एवं तारों को हटाने की कार्यवाही भी शुरू हो गई है।

विद्युत पोल-तार हटाने 24.30 करोड़ मंजूर

एनएचएआई अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14.25 किलोमीटर लंबी सर्विस लेन के दोनों तरफ विद्युत पोल-तारों का जाल है। सर्विस लेन को चौड़ीकरण करने से पहले पोल और तारों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। इस काम में लगभग 24 करोड़ 30 लाख रुपए खर्च होने है। एनएचएआई पोल और तारों को हटाने से लेकर चौड़ीकरण के बाद दोबारा लगाने के लिए विद्युत विभाग को यह राशि जारी करेगा। इस रकम में से 8 करोड़ रुपए विद्युत विभाग को जारी भी किया है। यह राशि मिलते ही विभाग ने विद्युत पोल-तार हटाने का कार्य शुरू कर दिया है।



भूमि अधिग्रहण की जरूरत नहीं

प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्विस लेन चौड़ीकरण के लिए एनएचएआई को भूमि अधिग्रहण की जरूरत नहीं पड़ रही है। इसके लिए सड़क से लगी पर्याप्त भूमि है।

टेंडर जारी हो गया

टेंडर जारी हो गया है, जो 29 अक्टूबर को खोला जाएगा। निर्माण एजेंसी को वर्क आर्डर जारी होने के एक माह के भीतर काम शुरू तथा सालभर में पूरा करना है। विद्युत विभाग को 8 करोड़ रुपए की राशि जारी हुई है, जिसके तहत पोल-तार हटाने का कार्य शुरू हो गया है।

- दिग्विजय सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई, रायपुर

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सरोना से लाभांडी के बीच सर्विस लेन के चौड़ीकरण की परियोजना को फरवरी में मंजूरी दी है। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से 14.25 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों ओर के सर्विस लेन की चौड़ाई 10-10 मीटर की जाएगी।

वर्तमान में सर्विस लेन 5-5 मीटर की है। सर्विस लेन के चौड़ीकरण के लिए एनएचएआई ने टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर जारी किए करीब दो सप्ताह हुआ है। टेंडर में भाग लेने के लिए निर्माण एजेंसी 28 अक्टूबर तक आवेदन कर सकती हैं। अंतिम तारीख के दूसरे दिन 29 अक्टूबर को टेंडर खोला जाएगा। विभागीय सूत्र के अनुसार टेंडर उस एजेंसी को मिलेगा, जो गाइड लाइन के अनुसार सभी शर्तों का पालन करते हुए कम लागत में निर्माण कार्य को पूरा करने का दावा करेगी।

टेंडर खुलने के 1 माह के भीतर जारी होगा वर्क ऑर्डर

विभागीय अफसर के अनुसार सर्विस लेन चौड़ीकरण के लिए टेंडर खुलने के बाद निर्माण एजेंसी को एक माह के भीतर वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। इससे संभावना जताई जा रही है कि दिसंबर से चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा। वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद एक साल के भीतर निर्माण कार्य एजेंसी को पूर्ण करना होगा।

ट्रैफिक समस्या से मिलेगी बड़ी राहत, नहीं लगेगा जाम

राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के दोनों सर्विस लेन के चौड़ीकरण होने से सरोना और लामांडी समेत तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर, रायपुरा, महादेव घाट, भाठागांव क्षेत्र में रहने वाले लाखों रहवासियों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। अभी इस मार्ग पर चौबीस घंटे भारी गाड़ियों का दबाव रहता है, जिससे स्थानीय यातायात प्रभावित होता है और अक्सर जाम की स्थिति बनती है। सर्विस लेन की चौड़ाई दोगुनी होने से आम लोगों के साथ स्थानीय व्यापारियों को लोडिंग-अनलोडिंग में सहूलियत होगी। साथ ही इस मार्ग से रोजाना आना-जाना करने वाले वाहन चालकों का समय भी बचेगा।

जॉब का झांसा, लिंक भेजकर उड़ाए पौने तीन लाख रुपए

- जॉब की तलाश में युवक ने शाइन डॉट कॉम में सीवी पोस्ट किया था
- 5 दिन पूर्व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का युवक हुआ ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ऑनलाइन प्लेटफार्म पर नौकरी तलाश रहे एक युवक को जालसाज ने जॉब लिंक भेजकर उसके अकाउंट से चार ट्रांजेक्शन में 2.72 लाख हजार रुपए की ठगी कर ली। युवक के सीवी अपलोड करने के बाद जालसाज ने इंटरव्यू कराने और रजिस्ट्रेशन के नाम पर 10 रुपए का ट्रांजेक्शन करने को कहा। इसके बाद युवक के अकाउंट में सेंधमारी कर रुपए उड़ा दिए।

प्रोफेसर कॉलोनी निवासी नवीन कन्नौजे ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि उसके जीमेल पर शाइन डॉट कॉम से नौकरी से संबंधित लिंक आया था। उसने लिंक खोलकर अपना रिज्यूम अपलोड कर दिया। नौकरी के लिए संपर्क करने वाले व्यक्ति ने इंटरव्यू कराने और रजिस्ट्रेशन के नाम पर 10 रुपए का ट्रांजेक्शन करने को कहा। इसके बाद युवक ने अपने क्रेडिट कार्ड की जानकारी दर्ज कराई। इसके बाद युवक के क्रेडिट कार्ड से 4 बार में 2 लाख 72 हजार 600 रुपए निकल गए। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 और संबंधित बैंकों में शिकायत करने के बाद पुरानी बस्ती थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



ऐसे की ठगी

युवक ने पुलिस को बताया है कि जिस लिंक में उसने अपना रिज्यूम लोड कर मोबाइल नंबर दिया था, दूसरे दिन 10 अक्टूबर को उस नंबर पर अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया। इसके बाद रिज्यूम के सत्यापन के लिए शाइन इंडिया का लिंक भेजा। इसके बाद मोबाइल नंबर डालकर रजिस्ट्रेशन करने को कहा। पीड़ित के अनुसार, इंटरव्यू के लिए आईडी लेने के नाम पर 10 रुपए का भुगतान करने को कहा गया। उन्होंने क्रेडिट कार्ड का नंबर दर्ज किया, लेकिन उस समय ओटीपी नहीं मिला। कॉल कटने के करीब पांच मिनट बाद मोबाइल और जीमेल पर ओटीपी आने लगे। इसी दौरान कार्ड से ट्रांजेक्शन होने लगे।

छत के रास्ते दुकान में घुसे, कैश 90 हजार की चोरी

रायपुर। पंडरी स्थित एक रेडीमेड शॉप में अज्ञात चोर ने धावा बोलते हुए छत के रास्ते दुकान के अंदर प्रवेश कर कैश काउंटर का लॉक तोड़ा और 90 हजार रुपए चोरी कर ले गया। लब डब रेडीमेड शॉप के संचालक शिव कुमार वर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दुकान संचालक ने पुलिस को बताया कि मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात दुकान की छत का शेड तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कैश काउंटर का लॉक तोड़कर नकदी रकम चोरी कर ली। दुकान संचालक को घटना की जानकारी उनके मैनेजर से मिली। मैनेजर सुबह दुकान खोलने गया तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला।

बिजनेस साइट

एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में आईएसएसओ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन



रायपुर। एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में आयोजित आईएसएसओ नेशनल गेम्स बास्केटबॉल 2026-27 का समापन हुआ। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के 46 विद्यालयों की 51 टीमों ने हिस्सा लिया। अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में चिरेक इंटरनेशनल स्कूल ने ओक्रिज इंटरनेशनल स्कूल को हराकर खिताब अपने नाम किया। इंडस हैदराबाद तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में येलो ट्रेन स्कूल ने द श्री राम स्कूल को 58-40 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। एचएलसी स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत पुरस्कारों में बालिका वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रमाण्या और बालक वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आर्यन चुने गए। अगस्त्य को उभरते खिलाड़ी तथा सहानाराज को उभरती खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में विद्यालय के निदेशक प्रशासन एसके तोमर, प्राचार्य डॉ. अविनाश पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन ने युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा प्रदर्शन का राष्ट्रीय मंच प्रदान किया।

कंम्प्यूटर ग्राफिक्स से फायर सेफ्टी का फर्जी सर्टिफिकेट

अस्पताल संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर। कंम्प्यूटर ग्राफिक्स की मदद से फर्जी फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट बनाकर फर्जीवाड़ा करने वाले राव अस्पताल के संचालक के खिलाफ आरंग पुलिस ने ठगी का अपराध दर्ज किया है। अस्पताल संचालक के खिलाफ अग्निशमन केंद्र नया रायपुर के निरीक्षक पुष्पसागर बिनायक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने सुरक्षा ऑडिट के दौरान दस्तावेजों में गड़बड़ी पकड़ी। इसके बाद अस्पताल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार नियमित सुरक्षा ऑडिट के दौरान अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम राव हॉस्पिटल पहुंची थी। अस्पताल प्रबंधन ने अधिकारियों को फायर एनओसी की फोटोकॉपी दिखाई। जांच के दौरान सर्टिफिकेट में डिस्ट्रिक कमाण्डेट एंड डिस्ट्रिक फायर आफिसर होमगार्ड रायपुर सीजी का सील लगा हुआ था। सुरक्षा प्रमाणपत्र में जारी दिनांक 16 अप्रैल 2026 दर्ज है। क्यूआर कोड स्कैन करने पर प्रमाणपत्र जारी होने की तिथि 16 अगस्त 2025 दर्ज होना पाया गया।

चला जालसाजी का खेल

अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन संचालक, आवेदक द्वारा ही किया जाता है तथा एनओसी की प्रकिया पूर्ण होने पर विभागीय वेबसाइट से स्वयं दस्तावेज डाउनलोड किया जाता है। हॉस्पिटल द्वारा प्रस्तुत अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र में पुरुषोत्तम सिंह का नाम विभागीय निरीक्षणकर्ता के रूप में अंकित है। इस विभाग में कोई भी इस नाम का अग्निशनन अधिकारी नहीं है। इसके अलावा प्रस्तुत दस्तावेज में जारीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर के समय यह अधिकारी इस विभाग में पदस्थ नहीं था।

स्थाई-अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दीपावली के अवसर पर रायपुर जिले में संचालित स्थाई एवं खुलने वाली अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग के जिला अधिकारी ने गाइड लाइन जारी की है। इसके तहत प्रत्येक पटाखा दुकान में आग से बचाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने हैं। इसमें 5 किलो क्षमता के डीसीपी अग्निशामक यंत्र, 200 लीटर क्षमता का ड्रम पानी से भरा, बाल्टी की भी व्यवस्था की जानी है।

अस्थाई दुकान एक-दूसरे से 3 मीटर की दूरी में टिन शेड से बनाने के निर्देश

अस्थाई पटाखा दुकान एक स्थान पर एक से अधिक लग रही है, तो प्रत्येक दुकान के बीच की दूरी कम से कम 3 मीटर होना अनिवार्य किया है, वहीं दुकान बांस, बल्ली, कपड़ा-रस्सी की जगह टिन के शेड से बनाने के निर्देशित किया है। दुकानों में रोशनी के लिए तेल लैम्प, गैस लैंप, खुली बिजली प्रतिबंधित है। पटाखा दुकान के 50 मीटर की दूरी पर आतिशबाजी, विद्युत तारों की जाइंट खुली नहीं हों, प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, ट्रांसफार्मर एवं हाईटेंशन तार से दूर दुकान हो, दुकान के सामने पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कई नियमों का पालन किया जाना है।



नियमों का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

विभाग द्वारा जारी नियमों का पालन नहीं करने पर संबंधित पटाखा दुकान संचालक के खिलाफ छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं अधिनियम 2018 व छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली में छुट्टी का बोनस, अब 6 दिनों का अवकाश

रायपुर। प्रदेश के स्कूली छात्रों को दीवाली में छुट्टी का बोनस दिया गया है। अब उन्हें 5 के स्थान पर 6 दिनों की छुट्टी मिलेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इसकी घोषणा की। बीते वर्ष दीवापली अवकाश 6 दिनों का था। रविवार मिलाकर यह 7 दिनों का हो गया था। इस वर्ष रविवार को भी पर्व है। दीवापली में पांच दिनों की छुट्टी दिए जाने के बाद से ही इसे बढ़ाकर 6 दिनों की किए जाने की मांग की जा रही थी, ताकि पर्व मनाने अपने गृहग्राम जाने वाले विद्यार्थी निर्धारित समय पर विद्यालय आ सकें। नवीन घोषणा के बाद प्रदेश के स्कूल 10 नवंबर की जगह 11 नवंबर तक बंद रहेंगे। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के लिए दशहरा, दीपावली और शीतकालीन अवकाश का कैलेंडर वर्ष के शुरुआत में ही जारी कर देता है।

दशहरा अवकाश कल से

- **दशहरा अवकाश:** 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक (5 दिन)
- **दीपावली अवकाश:** 6 नवंबर से 11 नवंबर तक (6 दिन)
- **शीतकालीन अवकाश:** 24 दिसंबर से 28 दिसंबर तक (5 दिन)

चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने रमन से की मुलाकात



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. रमन सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुलाकात के दौरान चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने डॉ. रमन सिंह के व्यक्तित्व और विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय औरकुशल नेता हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **भुमीन बाई** पति श्री केशव राम सिन्हा निवासी- भरत किराना स्टोर के पीछे, शिवोम विद्यापीठ स्कूल के पास, करन नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर छ.ग. एतद्द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हूं कि निम्नानुसार घोषित करती हूं :-

1. मैं भुमीन बाई, भरत किराना स्टोर के पीछे, शिवोम विद्यापीठ स्कूल के पास, करन नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर छ.ग. की स्थायी निवासी हूं।
2. मेरा पुराना नाम भुमीन बाई है और मैं अपना नाम बदलकर **भारती सिन्हा** करवाना चाहती हूं।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नही है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

दिनांक - 13.10.2026

हस्ताक्षर शपथकर्ती
भारती सिन्हा

पेज 11 का शेष

आस्था का सफर...

साथ 400 से 500 यात्री डोंगरगढ़ के लिए चढ़ रहे हैं। स्टेशन में लोकल ट्रेनों के 3 से 5 हजार तक टिकट बिक रहे हैं। ऑनलाइन टिकट खरीदने वालों की संख्या भी हजारों में है।

दूसरे दिन से ट्रेनों में ठसाठस भीड़

नवरात्रि के पांचवे दिन से ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ और बढ़ गई है। हावड़ा रूट की ट्रेनों में बिलासपुर की ओर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया, वहीं नागपुर रूट की ट्रेनों में डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिन के समय लोकल ट्रेनों में भीड़ सामान्य है, लेकिन रात में अधिक है। अष्टमी में यह भीड़ और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। वंदेभारत एक्सप्रेस में भी वेटिंग शुरू हो चुकी है। यात्री डोंगरगढ़ के लिए अब पहले से टिकट खरीद रहे हैं।

स्टेशनों में बढ़ाई गई सुविधाएं: रायपुर व आसपास के स्टेशनों से बड़ी संख्या में हर दिन लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में रायपुर से आने-जाने वाली ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों की भीड़ दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्टेशन में अलग शिफ्टों में सुरक्षा जवानों को प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में तैनात किया गया है। डोंगरगढ़ मेले के दौरान रायपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। स्टेशनों में मेले के दौरान यात्रियों के लिए आकस्मिक चिकित्सा के लिए बॉक्स, डॉक्टर, ड्रेसर, एम्बुलेंस, व्हील चेयर, स्ट्रेचर आदि की व्यवस्था भी की गई है।

25 करोड़ की रंगदारी शोएब...

प्रयास न कर सके। इससे पूर्व पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पांच हजार रुपए का नकद इनाम भी घोषित किया हुआ है।

साइबर जांच में सामने आई शोएब की भूमिका: फिरौती मामले की जांच एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (एसीसीयू) को सौंपी गई थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और डिजिटल जानकारी के आधार पर कारोबारी अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर का नाम सामने आया था। नाम उजागर होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, बाद में उसे जमानत हासिल हो गई थी। अब आरोपी के अचानक गायब हो जाने के बाद पुलिस ने उसके देश छोड़ने पर रोक लगाने के लिए लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया है।

गैस एजेंसी के सुपरवाइजर...

आए और सूनसान जगह मिलने पर बाइक को ओवरटेक कर उन्होंने सुपरवाइजर की आंखों में मिर्च पावडर डालकर उनसे रुपयों से भरा बैग लूट लिया और मौके से फरार हो गए।

फट चुकी थी बच्चेदानी...

वेंटिलेटर पर गहन उपचार चला। आखिरकार चिकित्सकों के अथक प्रयास सफल हुए और महिला स्वस्थ होकर अपने परिवार के पास लौट गई। 32 वर्षीय महिला अपनी चौथी गर्भावस्था में थी। गर्भावस्था की पूरी अवधि समाप्त होने के बाद उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन उसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर समीपस्थ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उपचार प्रारंभ हुआ। इसी दौरान प्रसव के प्रयास में महिला की बच्चेदानी और मूत्राशय बुरी तरह फट गए। गर्भस्थ शिशु की पेट के भीतर ही मृत्यु हो गई और महिला को भारी रक्तस्राव होने लगा। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आंबेडकर अस्पताल लाया गया।

निकालनी पड़ी बच्चेदानी...

मूत्राशय की मरम्मत की गई। निश्चेतना विभाग से डॉ.अमृता की टीम ने भी मरीज की स्थिति को नियंत्रित रखने और सर्जरी के दौरान आवश्यक चिकित्सकीय सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



खबर संक्षेप

मुंबई के कलाकारों की जगराता आज

अभनपुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर 16 अक्टूबर को अभनपुर के ब्लॉक कॉलोनी मैदान में मां के भव्य जगराता का आयोजन किया जाएगा। आयोजक संजय साधवानी एवं नगरवासियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालु माता रानी के भजनों का आनंद लेंगे। जगराता रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक चलेगा। इस दौरान पंडित राजेश मिश्रा ऋषिराज एंड ग्रुप मुंबई द्वारा भक्ति गीतों एवं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

बच्चों को न्योता भोज कराया व दिया गिफ्ट



आरंग। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला खपरी, संकुल केंद्र भिलाई में आओ खुशियां बांटें न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को मध्याह्न भोजन में निर्धारित मीनू के अलावा पोषण आहार के रूप में समोसा व मिक्सचर वितरित किया गया। साथ ही बच्चों को पेन प्रदान किया गया। उक्त आयोजन शिक्षिका ईश्वरी बंजारे के जन्मदिन के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अधिक से अधिक पोषण आहार उपलब्ध कराना है, जिससे उनका शारीरिक व बौद्धिक विकास हो सके। साथ ही बच्चों, शिक्षकों व पालकों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण हो सके। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक खम्मन साहू, शिक्षक देवऋषि पात्रे, मनोज साहू, संतोष धीवर, रसोइया सुलोचनी यादव, जानकी यादव व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हरहुना धान की फसल कटाई को तैयार पर गीली जमीन बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छत्तीसगढ़ के अंचल में इस समय किसानों की महीनों की मेहनत रंग लाई है और खेतों में सोना उगलती हरहुना धान की फसल पूरी तरह लहलहा रही है। बालियों का भारी वजन और उनकी सुनहरी चमक यह गवाही दे रही है कि इस बार पैदावार बेहद शानदार होगी। फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन खेतों में अब भी नमी और कीचड़ होने के कारण किसान चाहकर भी कटाई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय किसानों के अनुसार, पिछले दिनों हुई हल्की बारिश और नहरों में पानी छोड़े जाने के कारण खेतों में पानी भरा हुआ है। हालात ऐसे हैं कि खेतों में हार्वेस्टर या ट्रैक्टर तो दूर, पारंपरिक तरीके से हाथ से कटाई करने में भी भारी परेशानी होगी। किसानों का कहना है कि यदि अगले दो-तीन दिनों तक तेज धूप निकल आई, तो खेत जल्दी सूख जाएंगे और दीपावली से पहले कटाई का कार्य पूरा हो जाएगा। इस बार हरहुना किस्म की फसल का औसत उत्पादन पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर रहने की उम्मीद है। एक स्थानीय किसान ने संतोष जताते हुए कहा कि फसल बहुत बढ़िया है, यह सब भगवान की कृपा है। बस अब जमीन के सूखने का इंतजार है। दीपावली से पहले नया चावल घर आ जाएगा, इससे बड़ी खुशी हमारे लिए और क्या हो सकती है। इस बार किसान इस बात से भी बेहद उत्साहित हैं कि दीपावली की लक्ष्मी पूजा में वे अपने ही खेतों के नए धान के चावल का उपयोग कर सकेंगे।

दीपावली से पहले कटाई की उम्मीद



जल्दबाजी कदापि न करें

दूसरी ओर, कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे गीले खेतों में जल्दबाजी बिल्कुल न करें। जानकारों का कहना है कि यदि गीली जमीन में फसल काट ली जाती है, तो धान में नमी अधिक बनी रहेगी, जिससे मंडियों में फसल का उचित मूल्य मिलने में परेशानी हो सकती है। इसलिए समझदारी इसी में है कि खेत के पूरी तरह सूखने का इंतजार किया जाए, ताकि बेहतर गुणवत्ता के साथ सही दाम मिल सके। प्रकृति के इस थोड़े से अंतराल के बाद, आरंग और आसपास के ग्रामीण अंचल में दीपावली का यह त्योहार किसानों के लिए दोगुनी खुशियां लेकर आने वाला है।

18 वर्षों से सेवा पर, नियमितीकरण सहित तीन प्रमुख मांगें उठाईं

तकनीकी सहायकों ने लंबित मांगों को लेकर रैली निकाली और चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

बीवी जी राम जी (पूर्ववर्ती मनरेगा) में कार्यरत तकनीकी सहायक कर्मचारियों ने अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर 15 अक्टूबर को नवा रायपुर के ग्राम तूता मैदान में राज्य स्तरीय एक दिवसीय ध्यानाकर्षण धरना एवं रैली आयोजित हुई । छत्तीसगढ़ तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ ने नियमितीकरण एवं समायोजन, स्थायीकरण नियमावली लागू करने तथा तकनीकी सहायक पद का नाम बदलकर कनिष्ठ अभियंता (जूनियर इंजीनियर) करने की मांग प्रमुखता से उठाई।

संघ के अनुसार प्रदेश में लगभग 1250 तकनीकी सहायक कर्मचारी पिछले 18 वर्षों से ग्रामीण विकास एवं रोजगारपरक योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। तकनीकी प्राक्कलन तैयार करने, निर्माण कार्यों के मूल्यांकन तथा ऑनलाइन-ऑफलाइन तकनीकी कार्यों की जिम्मेदारी निभाने के बावजूद कर्मचारियों को अब तक स्थायी सेवा शर्तों एवं सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पाया है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया था। इस दौरान मांगों पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए 15 दिन की समय-सीमा दी गई थी। इसके बावजूद अब तक ठोस निर्णय नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष है। संघ ने मांग की कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी तकनीकी सहायकों के लिए नियमित पद सृजित कर विभाग में समायोजन किया जाए। नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक स्थायीकरण नियमावली लागू कर सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही कर्मचारियों के तकनीकी दायित्वों के अनुरूप पदनाम बदलकर कनिष्ठ अभियंता किया जाए। कर्मचारी संघ ने कहा कि लगभग 18 वर्षों से ग्रामीण विकास में योगदान देने वाले कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करना आवश्यक है। कर्मचारियों की मांगें किसी व्यक्तिगत लाभ से जुड़ी नहीं, बल्कि सम्मानजनक सेवा शर्तों, सामाजिक सुरक्षा और भविष्य की स्थिरता से संबंधित हैं। संघ ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उनके हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। संघ ने प्रदेश सरकार से तीनों प्रमुख मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि धरना एवं रैली के बाद भी मांगों के निराकरण की दिशा में ठोस पहल नहीं हुई, तो प्रदेश के तकनीकी सहायक कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे।





ताड़ा और धनेली की 70 सिलाई प्रशिक्षणार्थियों को बैग वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

ग्रामीण अंचलों में महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और आजीविका के नए अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड ने एक और सराहनीय पहल की है। सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए कंपनी प्रबंधन द्वारा ग्राम पंचायत ताड़ा एवं धनेली में सिलाई का प्रशिक्षण ले रही 70 महिलाओं को उपयोगी प्रशिक्षण बैग वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रशिक्षण को सुगम बनाना, उनके भीतर छिपी क्षमताओं को निखारना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।

संयंत्र प्रमुख मनोज कुमार शाह तथा हेड एचआर विवेक चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड लगातार सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत उत्कृष्ट कार्य कर रही है। बस्तर के सुदूर क्षेत्रों से लेकर आसपास के विभिन्न ग्रामीण इलाकों तक कंपनी स्थानीय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत है। इसी कड़ी में आयोजित इस बैग वितरण कार्यक्रम के दौरान सीएसआर विभाग से सुरेंद्र लांजेवार और गौरी बोळे की विशेष उपस्थिति तथा कुशल संचालन में पूरा आयोजन अत्यंत गरिमामय, सफल और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों और गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। सरपंच लोकेश नौलंगे तथा सरपंच निर्मल ढेबर ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। इसके साथ ही कंपनी प्रबंधन से ईएंडआई विभाग के नरेश आडवाणी, एसईएमएल सीएसआर टीम के सदस्य और स्पर्श सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान के निदेशक भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थी महिलाओं के जज्बे और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें सीखे गए कौशल के जरिए स्वावलंबी बनने तथा अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती देने के लिए प्रोत्साहित किया।

समारोह के अंत में कंपनी प्रबंधन ने दोहराया कि ग्रामीण विकास, जनहित और महिला सशक्तिकरण के प्रति उनकी यह प्रतिबद्धता आगे भी निरंतर जारी रहेगी। भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल संवर्धन एवं कल्याणकारी आयोजनों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

पेज 11 के शेष...

आस्था का सफर...

साथ 400 से 500 यात्री डोंगरगढ़ के लिए चढ़ रहे हैं। स्टेशन में लोकल ट्रेनों के 3 से 5 हजार तक टिकट बिक रहे हैं। ऑनलाइन टिकट खरीदने वालों की संख्या भी हजारों में है। दूसरे दिन से ट्रेनों में ठसाठस भीड़ : नवरात्रि के पांचवे दिन से ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ और बढ़ गई है। हावड़ा रूट की ट्रेनों में बिलासपुर की ओर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया, वहीं नागपुर रूट की ट्रेनों में डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिन के समय लोकल ट्रेनों में भीड़ सामान्य है, लेकिन रात में अधिक है। अष्ठमी में यह भीड़ और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। वंदेभारत एक्सप्रेस में भी वेटिंग शुरू हो चुकी है। यात्री डोंगरगढ़ के लिए अब पहले से टिकट खरीद रहे हैं। स्टेशनों में बढ़ाई गई सुविधाएं : रायपुर व आसपास के स्टेशनों से बड़ी संख्या में हर दिन लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में रायपुर से आने-जाने वाली ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों की भीड़ दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्टेशन में अलग शिफ्टों में सुरक्षा जवानों को प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में तैनात किया गया है। डोंगरगढ़ मेले के दौरान रायपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। स्टेशनों में मेले के दौरान यात्रियों के लिए आकस्मिक चिकित्सा के लिए बॉक्स, डॉक्टर, ड्रेसर, एम्बुलेंस, व्हील चेयर, स्ट्रेचर आदि की व्यवस्था भी की गई है।

25 करोड़ की रंगदारी...

प्रयास न कर सके। इससे पूर्व पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पांच हजार रुपए का नकद इनाम भी घोषित किया हुआ है। साइबर जांच में सामने आई शोएब की भूमिका : फिरौती मामले की जांच एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (एसीसीयू) को सौंपी गई थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और डिजिटल जानकारी के आधार पर कारोबारी अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर का नाम सामने आया था। नाम उजागर होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, बाद में उसे जमानत हासिल हो गई थी। अब आरोपी के अचानक गायब हो जाने के बाद पुलिस ने उसके देश छोड़ने पर रोक लगाने के लिए लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया है।

गैस एजेंसी के ...

आए और सूनसान जगह मिलने पर बाइक को ओवरटेक कर उन्होंने सुपरवाइजर की आंखों में मिर्च पावडर डालकर उनसे रुपयों से भरा बैग लूट लिया और मौके से फरार हो गए।

फट चुकी थी बच्चेदानी ...

वेंटिलेटर पर गहन उपचार चला। आखिरकार चिकित्सकों के अथक प्रयास सफल हुए और महिला स्वस्थ होकर अपने परिवार के पास लौट गई। 32 वर्षीय महिला अपनी चौथी गर्भावस्था में थी। गर्भावस्था की पूरी अवधि समाप्त होने के बाद उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन उसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर समीपस्थ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उपचार प्रारंभ हुआ। इसी दौरान प्रसव के प्रयास में महिला की बच्चेदानी और मूत्राशय बुरी तरह फट गए। गर्भस्थ शिशु की पेट के भीतर ही मृत्यु हो गई और महिला को भारी रक्तस्राव होने लगा। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आंबेडकर अस्पताल लाया गया।

निकालनी पड़ी बच्चादानी...

मूत्राशय की मरम्मत की गई। निश्चेतना विभाग से डॉ.अमृता की टीम ने भी मरीज की स्थिति को नियंत्रित रखने और सर्जरी के दौरान आवश्यक चिकित्सकीय सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

धरसींवा में एस आई आर अभियान पर घमासान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) अभियान और मतदाता सूची से नाम काटे जाने के मुद्दे पर धरसींवा में सि या सी घमासान छिड़ गया है। पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अनिता शर्मा ने इसे लोकतंत्र पर प्रहार और भाजपा-चुनाव आयोग की सुनियोजित साजिश करार दिया।

वहीं, पलटवार करते हुए भाजपा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने आरोपों को खारिज कर कहा कि मुद्दाविहीन कांग्रेस हताशा में भ्रम फैला रही है। एस आई आर मतदाता सूची को शुद्ध करने की पारदर्शी व निष्पक्ष प्रक्रिया है।

- पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने बताया 'वोट चोरी की साजिश

निष्पक्ष चुनाव के लिए फर्जी नाम हटाना जरूरी, कांग्रेस फैला रही भ्रम : अनुज शर्मा

दूसरी ओर, विधायक अनुज शर्मा ने कांग्रेस के विरोध को खारिज करते हुए कहा कि अपनी खोई राजनीतिक जमीन तलाश रही कांग्रेस केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए बवेला खड़ा कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में, जहां कांग्रेस गठबंधन की सरकारें हैं, वहां प्रशासन ने इस पारदर्शी प्रक्रिया की तारीफ की है। वहां कांग्रेस नेता मौन क्यों साध लेते हैं? यह कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। अनुज शर्मा ने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष चुनाव के लिए मृत, फर्जी व दोहरे दर्ज मतदाताओं के नाम हटाना आवश्यक है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम छूटा है, तो वह फॉर्म भरकर नाम जुड़वा सकता है। कांग्रेस अफवाह फैलाकर संवैधानिक संस्थाओं से जनता का विश्वास उठाने की नाकाम कोशिश कर रही है।

भाजप सरकार और चुनाव आयोग मिलकर छीन रहे जनता का वोटिंग अधिकार : अनिता शर्मा

पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोलते हुए कहा कि अभियान के नाम पर गरीब, मजदूर, किसान और आम जनता के नाम गायब किए गए हैं। यह प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि जनता को मतदान के संवैधानिक अधिकार से वंचित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठा रहे हैं। आज संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता खतरे में है और भाजपा अपनी विफलताओं व जनता के आक्रोश से डरकर 'वोट चोरी' के रास्ते अपना रही है।

नवरात्रि पर दुर्गा मंडपों में माता रानी की दिव्य झांकी, दर्शकों की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

धरसींवा अंचल इन दिनों पूरी तरह से भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर चारों तरफ माता रानी के जयकारों, रास गरबा की थाप और रात्रि जागरण के कार्यक्रमों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा है। धरसींवा के साथ - साथ तिवरैया, कपसदा, परसतराई, नगर पंचायत कुँवरगढ़ कुंरा, निंनवा सहित पूरे ग्रामीण अंचल में उत्सव का अभूतपूर्व उल्लास देखने को मिल रहा है। हर तरफ माँ दुर्गा के भव्य पंडालों और आकर्षक विद्युत सज्जा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया है, जहाँ सुबह-शाम माता की आराधना के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है।

- रामलीला मंचन जारी, भक्ति और उल्लास से सराबोर हुए ग्रामीण अंचल
- कार्यक्रमों की मची है धूम

इसी कड़ी में, धरसींवा के गायत्री चौक तिवरैया स्थित जन जागरण गणेश एवं दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसका अत्यंत भव्य और अलौकिक रूप से आगमन कराया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी गांव में विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला रखी गई है, जिसमें अंचल के लोगों बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन के तहत जय माँ कलिका अघोरी ग्रुप बघेरा की अद्भुत प्रस्तुति भी निकाली गई, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।





निंनवा में सौ साल पुरानी रामलीला की धूम

विजयादशमी के पावन पर्व को लेकर नगर पंचायत कुंरा में दशहरा महोत्सव की भव्य तैयारियां जोरों पर हैं। पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल है और रामलीला के मंचन को लेकर श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। विशेष रूप से पास के गांव निंनवा में इस वर्ष भी पारंपरिक रामलीला की धूम मची हुई है। उल्लेखनीय है कि निंनवा में पिछले 100 से अधिक वर्षों से अनवरत रामलीला का मंचन किया जा रहा है। ग्राम के लीला मंडली के पुराने सदस्य श्री हेमंत कश्यप ने बताया कि शताब्दी पुरानी इस ऐतिहासिक परंपरा को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। कलाकार प्रभु श्री राम के जीवन प्रसंगों का जीवंत और मनमोहक अभिनय कर दर्शकों को भावविभोर कर रहे हैं।
आयोजकों ने बताया कि इस बार विजयादशमी पर असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक भव्य रावण दहन किया जाएगा। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **भुमीन बाई** पति श्री केशव राम सिन्हा निवासी- भरत किराना स्टोर के पीछे, शिवोम विद्यापीठ स्कूल के पास, करन नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर छ.ग. एतद्द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हूं कि निम्नानुसार घोषित करती हूं :-

1. मैं भुमीन बाई, भरत किराना स्टोर के पीछे, शिवोम विद्यापीठ स्कूल के पास, करन नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर छ.ग. की स्थायी निवासी हूं।
2. मेरा पुराना नाम भुमीन बाई है और मैं अपना नाम बदलकर **भारती सिन्हा** करवाना चाहती हूं।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नही है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं ।

दिनांक - 13.10.2026

हस्ताक्षर शपथकर्ती
भारती सिन्हा

PUBLIC NOTICE

I, hitherto known as *JITENDRA KUMAR SAHU*, son of *PANNA LAL SAHU* and *YASHWANTI SAHU*, resident of *441, Mahavir Chowk, Ward No. 13, Hasda-2, Tehsil Gobra Nawapara, Police Station Abhanpur, District Raipur, Chhattisgarh – 493661*, hereby declare that I have corrected the spellings of my name and my parents' names as follows:-

1. My Name:- JEETENDRA KUMAR SAHU to JITENDRA KUMAR SAHU.
2. My Father's Name:- PANNALAL to PANNA LAL SAHU.
3. My Mother's Name:- ASHWANTIN BAI to YASHWANTI SAHU.

These corrections pertain to my educational records and marksheets of Class 5th, Class 8th, Class 10th, Class 12th, B.A., M.A. and DCA. Henceforth, my name and my parents' names shall be recognized as stated above for all educational and official purposes.

I hereby declare that I have complied with the applicable legal requirements in this regard.

Place:- Raipur, Chhattisgarh
Date: _____

Signature:
JITENDRA KUMAR SAHU

महंगाई-स्मार्ट मीटर को लेकर भाजपा सरकार पर कांग्रेस ने साधा निशाना

अभनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम केन्द्री में कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण साहू एवं ब्रह्मानंद सिंह ठाकुर विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में अभनपुर ब्लॉक के सातों मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए राजेंद्र पप्पू बंजारे ने महंगाई, बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई से गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग परेशान हैं। महतारी वंदन योजना पर सवाल उठाते हुए उन्होंने 'महतारी वंदन वसूली मीटर' का मुद्दा उठाया और कहा कि एक ओर महिलाओं को सहायता देने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर महंगाई और बिजली बिल से परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग भी की। विधायक इंद्र कुमार साहू की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए बंजारे ने कहा कि जनता को क्षेत्र की समस्याओं, किसानों की स्थिति और स्थानीय विकास कार्यों पर जवाब चाहिए। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इन मुद्दों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संगठनात्मक संदेश का उल्लेख करते हुए बूथ समितियों को मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन के प्रति जिम्मेदारी निभाने तथा जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।



खबर संक्षेप

दस दिन का हो दिवाली अवकाश

रायपुर। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा दिवाली अवकाश में एक दिन की वृद्धि का स्वागत किया है। संघ प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा, मुख्यमंत्री को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए, दिवाली हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार है। उन्होंने कहा, वर्तमान में धनतेरस के दिन भी स्कूल लगाए जा रहे, जो उचित नहीं है। दिवाली के अवसर पर शिक्षक, कर्मचारी आदि अपने गृहग्राम जाते हैं। इसलिए कम से कम दस दिनों का अवकाश दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि संघ ने शिक्षा मंत्री से मिलकर अपनी बात रखी थी, किंतु आज मात्र अवकाश में एक दिन की वृद्धि से हम संतुष्ट नहीं हैं। जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस पर पुनर्विचार की मांग की जाएगी।

स्कूली बच्चों के लिए जल ही जीवन पर कार्यशाला



रायपुर। लायंस क्लब नमन द्वारा विवेकानंद नगर इंग्लिश स्कूल में बच्चों के लिए जल ही जीवन पर कार्यशाला आयोजित की गई। नवरात्रि की पंचमी की पूर्व संध्या पर समाजसेवी केदारनाथ महेश्वरी के सौजन्य से स्कूल में एक हजार लीटर पानी की टंकी डोनेट की गई। टंकी पाकर सभी बच्चों ने खुशी से मां दुर्गा के जयकारा लगाए। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन मधु यादव ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि जरूरत के मुताबिक ही पानी का उपयोग करते हुए खाना खाने से पहले और बाद में पौधों के पास हाथ धोना चाहिए, सार्वजनिक नलों की टोंटी को बंद कर जल संरक्षण करना चाहिए तथा वाटर हार्वेस्टिंग से जल स्तर को ऊपर उठाने के लिए जनमानस को जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल इंचार्ज मोनिका, प्रधानपाठिका विनीता शर्मा, शिक्षिका हेमप्रभा साहू, स्वाति पाटिल, हर्षा तिवारी, मंजू सोनी आदि उपस्थित रहे।

जय बने छग पिछड़ा वर्ग संघ के जिलाध्यक्ष



रायपुर। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जयकुमार राठौर को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा के नेतृत्व में की गई। श्री सिन्हा ने बताया कि श्री राठौर विकासखंड कटघोरा, जिला कोरबा के गेवराघाट स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हैं। उनकी नियुक्ति पर पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

उद्योगों की बिजली कटौती पर नियामक आयोग सख्त, पॉवर कंपनी को व्यवस्था करने का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में पहली बार उद्योगों की 14 से 15 घंटों की हो रही बिजली कटौती को लेकर बिजली नियामक आयोग सख्त है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों को तलब कर कटौती का कारण पूछा और बिजली की व्यवस्था करने का फरमान जारी किया है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने एक-दो दिनों में राहत देने का भरोसा दिलाया है। उप्र को कंपनी जो एक्सजेंच में करीब 250 से 300 मेगावाट बिजली दे रही है, वह एक-दो दिनों में बंद हो जाएगी, तो इससे राहत मिलेगी और कंपनी कहीं से और बिजली की भी व्यवस्था कर स्थिति संभालने का प्रयास करेगी।

अलग खबर

अचानक देशभर में इस माह अक्टूबर में बिजली की डिमांड बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। अपने प्रदेश में भी बिजली की खपत आसमान पर है। यहां पर इस समय खपत 65 सौ मेगावाट के पार जा रही है। प्रदेश में इस समय कृषि पंप चलने के कारण इसमें ही छह से सात सौ मेगावाट बिजली लग रही है। उमस के कारण एसी और कूलरों के भी चलने के कारण खपत ज्यादा हो रही है। नवरात्रि के कारण भी खपत में इजाफा हो गया है। ऐसे में अक्टूबर में उद्योगों की बिजली बहुत ज्यादा काटी जा रही है।

पॉवर कंपनी ने जल्द राहत देने का दिलाया भरोसा

आयोग ने पूछा कारण

उद्योगों की बिजली कटौती के मामले में जहां एक तरफ उद्योगों ने बिजली नियामक आयोग में शिकायत की है, वहीं आयोग ने भी इस मामले को संज्ञान में लेकर पॉवर कंपनी से जवाब तलब किया है। आयोग ने तीन दिनों तक उद्योगों के साथ ही पॉवर कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर बात की है। पॉवर कंपनी ने आयोग को बताया है कि अक्टूबर में इतनी ज्यादा खपत नहीं होती है, बीते साल से इस साल ज्यादा खपत होने के कारण परेशानी हो रही है। इसी के साथ पॉवर कंपनी ने उप्र से गर्मी के समय जो एक्सचेंज में जो बिजली ली थी, उसको भी वापस करना पड़ रहा है। अब यह बिजली देना 15 अक्टूबर से बाद बंद हो जाएगा, तो इससे करीब 300 मेगावट बिजली और उपलब्ध हो जाएगी।



व्यवस्था करने कहा है

पॉवर कंपनी के अधिकारियों से बात कर उद्योगों के लिए बिजली की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है, जल्द ही कंपनी ने कुछ राहत देने की बात कही है।

- एसपी शुक्ला
सचिव
बिजली नियामक आयोग

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर जुटे प्रदेशभर के तकनीकी सहायक

तकनीकी सहायकों की राज्य स्तरीय हड़ताल

नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के वीबी रामजी के तकनीकी सहायकों ने नियमितीकरण सहित अपने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर राज्य स्तरीय हड़ताल की। कर्मचारियों का कहना है कि दो दिन की जिला स्तरीय हड़ताल के बाद भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिए जाने पर गुरुवार को राजधानी रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान लंबित मांगों की ओर आकर्षित कराया है। यदि इसके बाद भी उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो प्रदेशभर के तकनीकी सहायक अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विकसित भारत जी रामजी में कार्यरत 1242 तकनीकी सहायकों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद कर्मचारियों ने तकनीकी सहायकों के नियमित पदों का सृजन और समायोजन, नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक सेवा शर्ते पंचायत विभाग में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों की भांति कर स्थायीकरण नियमावली तत्काल लागू करने और पदनाम बदलकर कनिष्ठ अभियंता किए जाने की मांग की है।



प्रदेशभर के 16 हजार कोटवार 23 को हड़ताल पर

कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर प्रदेशभर के 16 हजार कोटवार अपने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर 23 अक्टूबर को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदेशभर के सभी तहसील के कोटवार को 23 तारीख को सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय में इकट्ठा होंगे। जहां से वे धरना प्रदर्शन कर दोपहर 3 बजे जुलूस निकालते हुए संबंधित कलेक्टर को ज्ञापन देंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष प्रेमकिशोर बाघ, मीडिया प्रभारी गिरवरदास मानिकपुरी ने हरिभूमि को बताया कि उनकी प्रमुख मांग है प्रदेशभर के सभी कोटवारों को नियमित करते हुए उनका राजस्व विभाग में संविलयन किया जावे। दूसरी मांग ये है कि महंगाई के अनुपात में पारिश्रमिक वृद्धि करते हुए 15 हजार रुपए मासिक दिया जाए। इसी तरह कोटवार की नियुक्ति में गैर वंशज सदस्यों की नियुक्त पर तत्काल रोक लगाते हुए पूर्व की भांति कोटवारों के परिवार के सदस्यों को ही कोटवार के पद पर नियुक्त करने की मांग शामिल है। इसी तरह नगर पालिक निगम के अंतर्गत कोटवार नियुक्ति में लगा प्रतिबंध तत्काल हटाने की मांग करते हुए कोटवार 23 अक्टूबर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन कर अपनी लंबित मांगों को लेकर हल्ला बोलेंगे।

धरना स्थल पर हाथों में मांगों की तख्ती लेकर की नारेबाजी

छत्तीसगढ़ तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ के आव्हान पर तूता के धरना स्थल पर एकजुट हुए प्रदेशभर के तकनीकी सहायकों ने तीन सूत्रीय मांगों वाली स्लोगन पट्टियां हाथों लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार कुर्रे और प्रांतीय सचिव नरेंद्र कुमार टोंडे ने बताया कि तकनीकी सहायकों 4 से 5 माह के अंतराल में वेतन मिल रहा है। पिछले 18 साल से वे काम कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें केवल 30 हजार मासिक वेतन दिया जाता है, जो बढ़ती महंगाई को देखते हुए बहुत कम है। इसीलिए प्रदेशभर के तकनीकी सहायक वेतन वृद्धि और हर माह समय पर वेतन देने की मांग एक स्वर से उठा रहे हैं।

बेमियादी हड़ताल पर प्रदेशभर के पटवारी, धरना प्रदर्शन का तीसरा दिन

छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के पटवारी इन दिनों अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। प्रदेशभर के 33 जिलों में काम ठप कर पटवारी वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति और पीवी ऐप की समस्या को लेकर धरना दे रहे हैं। रायपुर जिला के पटवारियों ने गुरुवार को तीसरे दिन नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराने जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप के अलावा रायपुर जिला अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में रायपुर जिले के पटवारी आंदोलन में शामिल रहे। पटवारियों की हड़ताल के कारण राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्य प्रभावित हो रहे हैं। दो दिनों से यही स्थिति प्रदेशभर में देखने को मिल रही है। हड़ताल के कारण भौतिक सत्यापन का काम भी प्रभावित हो रहा है। यही नहीं आय और जाति प्रमाणपत्र बनवाने से लेकर किसान पंजीयन और जमीन संबंधी कार्यों पर इसका असर देखने को मिल रहा है।

चिकित्सा शिक्षा, आयुष के संभागीय प्रतिनिधि निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा शिक्षा, आयुष विभाग का 20 नवंबर 2024 के परिपालन में छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् के तृतीय परिषद गठन के लिए संभागीय प्रतिनिधि चुनाव में मतों की गणना गुरुवार को संपन्न हुई। मतगणना उपरांत छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक, यूनानी तथा प्राकृतिक चिकित्सा व्यवसायी नियम के प्रावधानुसार संभागवार उम्मीदवार निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी डा.संजय शुक्ला ने बताया कि संभागवार प्रतिनिधियों के मतों के साथ परिणाम जारी किए गए हैं। मतगणना उपरांत बस्तर डॉ. जितेन्द्र सिंह ठाकुर, सरगुजा डॉ. रजनीश जायसवाल, बिलासपुर डॉ. निशान्त कौशिक, दुर्ग डॉ. सुनील कुमार टंडन तथा रायपुर संभाग से डॉ. ऐश्वर्य कुमार साहू निर्वाचित घोषित किए गए हैं।



426 पदों पर भर्ती के लिए रोजगार मेला आज

रायपुर। रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए 16 अक्टूबर को शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बैरन बाजार में जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा आयोजित मेला सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इसमें छह नियोजक कंपनियों द्वारा कुल 426 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण की मांग, फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संचालनालय, पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा इंद्रावती भवन में पेंशनर संगठनों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर्स फोरम के प्रांतीय संयोजक बीपी शर्मा ने पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर संचालक को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में समय पर पेंशन एवं सेवानिवृत्ति स्वत्वों का भुगतान, केंद्र के समान महंगाई राहत, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी करने और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। इसके अलावा 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन, जिला स्तरीय पेंशन निराकरण शिविर, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा तथा पेंशन सारांशीकरण की वसूली अवधि 15 से घटाकर 10 वर्ष करने की मांग भी रखी गई। संचालक ने मांगों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। फेडरेशन ने पेंशनरों को आर्थिक सुरक्षा, बेहतर चिकित्सा सुविधा और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई।



दुष्यंत गौतम के राज्यपाल पद की शपथ पर रोक लगाने की मांग

अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंकिता की तस्वीर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता राज्यपाल निवास पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन राज्यपाल के ओएसडी को सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अंकिता के माता-पिता दिल्ली के इंडिया गेट पर न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। इसी दौरान तड़के करीब चार बजे दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को पीड़ित परिवार की आवाज दबाने का प्रयास बताया। पार्टी नेताओं के अनुसार, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी अंकिता के माता-पिता को नैतिक समर्थन दिया था।

- अंकिता के माता-पिता की गिरफ्तारी पर जताया आक्रोश



पीड़ित परिवार को मिलना चाहिए न्याय

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने भाजपा पर गंभीर मामलों में आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े सवालों का निष्पक्ष समाधान होना चाहिए। कांग्रेस ने मांग की कि जांच पूरी होने और स्थिति स्पष्ट होने तक दुष्यंत गौतम को राज्यपाल पद की शपथ लेने से रोका जाए। मेनन ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कई चर्चित मामलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और मामले से जुड़े सभी तथ्यों की जांच होनी चाहिए।

ये थे मौजूद

प्रदर्शन में विकास उपाध्याय, नंद कुमार पटेल, सुशांत डे, प्रीति उपाध्याय शुक्ला, मनोज बंजारे, दीपक चौबे, अर्जुमन ढेबर,सुनील बाजारी, हीरेंद्र देवांगन, ओम श्रीवास, सौरभ तिवारी, प्रगति बाजपेई, आकाश नाग सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गुणवत्ताहीन शौचालय निर्माण मामले में 4 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं जनपद स्तर के तकनीकी अमले द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विकासखंड तिल्दा की ग्राम पंचायत मूरा में वीबी जीरामजी के अंतर्गत निर्माणाधीन बालिका शौचालय के कॉलम की गुणवत्ता में कमी पाई गई। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने नाराजगी जताते हुए गुणवत्ताहीन निर्माण को तोड़कर निर्धारित मापदंडों के अनुरूप दोबारा निर्माण कराने के निर्देश दिए। जिला स्तर से बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखे जाने को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी, एसडीओ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) और तकनीकी सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।





हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04

कैरम, लूडो से मनोरंजन करते हुए...





● भक्ति रस में सराबोर हुए रायपुरियंस, गरबा नाइट्स में डांडिया खेलने उमड़ी भीड़

पारंपरिक गरबा की धुन पर थिरके कदम

शहर में चारों तरफ नवरात्रि की धूम मची हुई है। इसका असर गरबा नाइट्स में भी देखने को मिल रहा है। रास गरबा में पहुंच रहे प्रतिभागी भक्ति में सराबोर हो रहे हैं। राधा-कृष्ण तो कोई नव दुर्गा के गेटअप में श्रृंगार कर पहुंच रहे हैं। रास गरबा में भक्ति, संस्कृति और परंपरा का अनूठा रंग बिखर रहा है। वहीं गरबा नाइट्स में भक्ति गीतों पर लोग डांडिया, रास गरबा के स्टेप्स पर मगन होकर झूम रहे हैं।



रायपुर। शहर के विभिन्न मैदानों, क्लबों और वीआईपी रोड स्थित वेन्यूज पर आयोजित रास गरबा आयोजनों का रायपुरियंस पर सिर चढ़कर बोल रहा है। गराब नाइट्स में लोगों की भारी हुजूम उमड़ रहा है। आयोजन में रंग जमाने पारंपरिक गुजराती परिधानों चनिया-चोली और कुर्ता-पायजामा में सजे युवा और परिवार देर रात तक डांडिया और गरबा की धुनों पर थिरक रहे हैं। शहर भर में रास गरबा की धूम मची हुई है। गुरूवार को पंचमी के दिन भी शहर में कई जगह गरबा नाइट्स का भव्य शुभारंभ हुआ। अलग-अलग पार्क, सोसायटी, मॉल्स, सर्वजनिक मैदानों पर गरबा नाइट्स का हिस्सा बन आनंद और उत्साह का अनुभव उठाने सैंकड़ों की संख्या में प्रतिभागी, परिवार जन भक्ति, गीत-संगीत, संस्कृति और परंपरा के रंग में सराबोर होने पहुंच रहे हैं।

संगीत की धुनों पर जमकर थिरके



जैनम मानस भवन में आयोजित छह दिवसीय 'रंगीलो रास गरबा' में पारंपरिक गरबा और डांडिया की धूम रही। आयोजन में शामिल प्रतिभागी पारंपरिक परिधानों में गरबा नृत्य किया और संगीत की धुनों पर जमकर थिरके। रंग-बिरंगे परिधानों, सामूहिक नृत्य ने आयोजन को खास बना दिया।आयोजन समिति के संस्थापक नीलेश मुंदड़ा के अनुसार, शहर में बढ़ते यातायात दबाव और पार्किंग की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार जैनम मानस भवन का चयन किया गया। यहां विशाल लॉन और पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। आयोजन में मंच पर बस्तर कला की कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। वहीं, गढ़कलेवा कॉर्नर में चीला, फरा, भजिया, खुरमी और अनरसा जैसे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन आकर्षण का केंद्र रहे। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए बेस्ट छत्तीसगढ़ी ट्रेडिशनल लुक पुरस्कार भी रखा गया।

पारंपरिक संगीत और वेशभूषा पर जोर

आयोजन में पारंपरिक गरबा गीतों पर प्रतिभागियों ने नृत्य किया। आयोजकों ने बॉलीवुड गानों पर रोक रखी और पारंपरिक परिधान अनिवार्य किए। प्रवेश द्वार पर तिलक लगाने की व्यवस्था भी की गई, जिसे आयोजकों ने युवाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने की पहल बताया।

गुढ़ियारी रास गरबा मैदान में डांडिया का चल रहा जादू



मारुति मंगल भवन गुढ़ियारी गरबा स्थल पर आयोजन के चौथे दिन रास गरबा में डांडिया का जादू देखने को मिला। पंचमी के अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में लोग पारंपरिक वेश-भूषा और थीम बेस्ड गेटअप पर पहुंचे। रात 9 बजे से लेकर देर तक गरबा के भक्ति गीतों...पर प्रतिभागी डांडिया और गरबा डांस को एंजॉय करते रहे।

रोशनी और रंगबिरंगे पारंपरिक गरबा परिधानों का आकर्षण

रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर, रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस एवं रोटरी क्लब ऑफ रायपुर सुप्रीम के संयुक्त तत्वावधान में ओमाया गार्डन्स, वीआईपी रोड में आयोजित "बीट पे गरबा" कार्यक्रम शानदार सजावट, आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगे पारंपरिक गरबा परिधानों में सजे प्रतिभागियों से सजा रहा। डीजे की धुन के साथ गरबा की थाप पर प्रतिभागियों ने देर तक भक्ति के रंग में सराबोर होते रहे।

महाराष्ट्र मंडल में रास गरबा आज

महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय रास गरबा का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। शारदीय नवरात्रि के षष्ठी की शाम सात बजे से चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के लॉन एरिया में निःशुल्क रास गरबा का आयोजन होगा। रासगरबा के प्रयोजक प्रथमेश हॉस्पिटल अमलीडीह हैं। युवा समिति के पुरुष प्रमुख शुभम पुराणिक ने बताया कि राग गरबा ट्रेडिशनल ड्रेसकोड के साथ देवी मां के भक्ति गीतों के साथ खेला जाएगा। हर रोज सर्वश्रेष्ठ परिधान, अनुशासन, स्टेप्स जैसे अनेक केटेगरी में प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। महाराष्ट्र मंडल के दिव्यांग बालिका विकास गृह में निवासरत मूक- बधिर बच्चियों में रास गरबा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

त्रिलोकी मां कालीबाड़ी में दुर्गोत्सव की शुरुआत आज से

श्री श्री शारदीय दुर्गोत्सव समिति, त्रिलोकी मां कालीबाड़ी डॉ. राजेंद्र नगर में आज महाशष्ठी पूजा से दुर्गोत्सव की भव्य शुरुआत होगी। 21 अक्टूबर को सिंदुर खेला और विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा का समापन होगा। समिति का यह 46वाँ वर्ष है। समिति के सचिव श्री विवेक बर्धन ने बताया कि इस समिति का दुर्गोत्सव रायपुर के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित बंगाली पद्धति के पूजा आयोजनों में से एक है। 16 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से महाषष्ठी पूजा होगी और फिर पुष्पांजलि का आयोजन होगा। सायं 6 बजे से बोधन, आमंत्रण व अधिवास और सायं 7:30 बजे संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा। 17 अक्टूबर को नव पत्रिका स्नान, महा सप्तमी पूजा 18



अक्टूबर को अतिरिक्त सप्तमी पूजा, 19 अक्टूबर महा अष्टमी पूजा, पुष्पांजलि, संधि पूजा, बलिदान संध्या आरती, 20 अक्टूबर महानवमी पूजा, होम (हवन) तथा 21 अक्टूबर को महादशमी पूजा, दर्पण विसर्जन और सिंदूर बरन का आयोजन किया जाएगा।

सिटी इवेंट

गोदड़ीवाला धाम में विधि-विधान से पूजन के बाद निकाली गई शोभायात्रा



रायपुर। देवपुरी स्थिति गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरादेवी और जलगांव धाम के महंत साई देवीदास के सानिध्य में गुरुवार दोपहर में भगवान झूलेलाल साई के बहराणे की पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।



दोपहर में छत्तीसगढ़ सिंधी साधु समाज के संतों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। इसमे सभी संतों ने संगत को आशीर्वाद दिया। वही निः शुल्क स्वास्थ जांच शिविर की जानकारी श्याम केसवानी ने देते हुए बताया 170 लोगों ने स्वास्थ लाभ लिया और 28 लोगो ने रक्तदान किया। शाम 4 से रात 8 बजे तक गोदड़ीवाला धाम महिला मंडल और भाटापारा, रायगढ़ मंडली द्वारा भजनों की श्रृंखला सजाई गई। वहीं 8 से 9 बजे तक बाबाजी की आरतिया, अरदास साहेब, गोदड़ीवाले बाबा की धुनी साहेब का विधान किया गया। इसके बाद रात 9 से 9.30 तक साईं कमल कुमार साहेब ने सत्संग और भजन किया। 9.30 से 10 बजे तक अमरावती से आए साईं राजेश लाल साहब जी ने सत्संग प्रवचन किया। इनके बाद साईं सुदामाचंद का कार्यक्रम हुआ।

आशीर्वाद लेने उमड़े श्रद्धालु

रात 10.45 से 12.30 तक अजमेर राजस्थान से आए लवी, कमल और भगत के मनमोहक भजनों ने लोगों को आनंदित किया। 12.30 से 1.30 बजे के बीच उल्लास नगर से आई प्रियंका केसवनी ने श्रद्धालुओं के बीच धूम मचाई। 1.30 से देवपुरी धाम युवा मंडली ने मनमोहक भजनों से लोगों को झूमने को मजबूर किया। अखंड भंडारा साहेब अनवरत चल रहा, इसमें सभी पुज्य पंचायत के मुखीजनों का सभी संस्थाओं और दरबार प्रमुखों के बीच बाबा की देवरी साहब पर आशीर्वाद लेने का क्रम चल रहा है।

महोत्सव का आज होगा समापन

शुक्रवार को शाम 4 बजे से सत्संग,कीर्तन, भजन,जारी रहेगा। शाम 8.30 बजे आए हुए संत, महात्माओं के सानिध्य और आशीर्वाद से श्री अखंड पाठ साहब के साथ ही गोदड़ीवाले बाबा की अखंड धुनी साहेब का भोग साहेब होगा। अनेक सांस्कृतिक, धार्मिक व मशहूर भजन मंडलियों की प्रस्तुति होगी। अमृत वेले में आए हुए संत, महात्माओ की उपस्थित में पल्लव साहेब के साथ वरसी महोत्सव का समापन होगा। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इन्दर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थोरानी, पवन प्रीतवानी, सुनील काशवानी ने दी।

जेसीआई ने लोगों के बीच सरोकार बढ़ाने सुपर चैप्टर के लिए तय किए दायित्व

रायपुर। न्यू शांति नगर स्थित विमतारा हॉल में विगत दिनों रायपुर सुपर चैप्टर (जोन 27) की अवॉर्ड नाइट एवं नवीन पदाधिकारियों की घोषणा का भव्य आयोजन किया। इसमें जेसीआई ने सभी विभिन्न अध्यायों के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पीपीपी, जेएफआर राजेश अग्रवाल द्वारा वर्ष 2027 के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर वर्ष 2026 में उत्कृष्ट काम करने वाले सभी अध्यायों के सदस्यों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही आगामी 2027 तक के लिए समाज के बीच सरोकार बढ़ाने के लिए नए अध्यक्ष एवं सचिव का भी दायित्व तय किया गया। इसके तहत अब नए पदाधिकारियों को नई ऊर्जा के साथ बेहतर काम करने का अवसर दिया गया। कार्यक्रम में सुपर चैप्टर की को-ऑर्डिनेटर लीना वाढेर एवं डायरेक्टर चित्रांक चोपड़ा ने बताया कि नवीन पदाधिकारियों का चयन इंटरव्यूह, नेतृत्व क्षमता एवं सदस्यों की सहमति के आधार पर किया गया। सुपर चैप्टर के कोच अमिताभ दुबे सहित सभी अध्यायों के पूर्व एवं वर्तमान अधिकारी, संरक्षक, सलाहकार शामिल हुए।



इनको बनाया वर्ष 2027 के लिए अध्यक्ष और सचिव : जेसीआई रायपुर कैपिटल के अध्यक्ष दीपक चौरसिया, सचिव वेद प्रकाश साहू को चुना गया। इसी तरह जेसीआई रायपुर नोबल के अध्यक्ष मयंक गर्ग व सचिव उमेश देवांगन होंगे। जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल के अध्यक्ष गुंजन गोलेछा, सचिव श्रावणी मुकादम और जेसीआई रायपुर संस्कार के अध्यक्ष अंकित दास मानिकपुरी एवं सचिव सूरज हेडाऊ को बनाया गया। अब जेसीआई रायपुर संगवारी के अध्यक्ष छत्रपाल वर्मा व सचिव भूमिका ठाकुर सहित जेसीआई रायपुर यूथ कैपिटल का अध्यक्ष चेतन शर्मा और सचिव हर्ष रूंगटा होंगे। जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल के अध्यक्ष मनीष पाहुजा व सचिव दीप्ति राजपूत होंगे। इसी तरह जेसीआई रायपुर वामांजलि की अध्यक्ष प्रज्ञा योगीनाथ व सचिव डॉ.रैना जैन, जेसीआई रायपुर एमएआईसी यूनाइटेड अध्यक्ष अक्षत गिरेपुंजे और सचिव स्वयं रमानी को बनाने के साथ ही जेसीआई रायपुर उमंग के अध्यक्ष जादुवंश शर्मा और सचिव आशीष तिवारी होंगे।

भजन-जेमिंग और आतिशबाजी से सप्रे मैदान में सजेगा दशहरा उत्सव

रायपुर। बूढ़ापारा स्थित सप्रे मैदान में इस वर्ष भी 'भव्य दशहरा उत्सव' भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक यह उत्सव 20 अक्टूबर को आयोजित होगा। बूढ़ापारा दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम प्रमुख आयोजनों में एक है। भजन, जेमिंग और आतिशबाजी के बीच 15वें वर्ष शाम 6 बजे उत्सव शुरू होगा। इस बार 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस दौरान श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी द्वारा रावण के पुतले पर तीर चलाकर अधर्म के अंत का संदेश दिया जाएगा। रावण दहन का दृश्य देखने के लिए हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। रावण दहन के बाद शाम 6:30 बजे से गगनचुंबी एवं मनमोहक आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। इससे आकाश में सतरंगी छटा बिखरेगी।

भजन जेमिंग से शाम 4 बजे शुरू होगा उत्सव

इस बार आयोजन का शुभारंभ शाम 4 बजे भजन जेमिंग से होगा। इसमें स्थानीय एवं प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा प्रभु श्रीराम और माता दुर्गा के भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे मैदान भक्ति के रंग में सराबोर होगा। दशहरा उत्सव समिति ने शहर एवं आसपास क्षेत्र के सभी लोगों, धर्मप्रेमी जनता और परिवारों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन के साक्षी बनें और श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

एनआईटी के यूनाइटेड रेसिंग मोटर स्पोर्ट्स ने फॉर्मूला इम्पीरियल-2026 में रचा इतिहास

स्टूडेंट्स की बनाई कार ने रेसिंग ट्रैक पर दिखाया रफ्तार का कमाल, मिला उपविजेता का खिताब

कार्नर न्यूज

एनआईटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के स्टूडेंट्स की यूनाइटेड रेसिंग मोटर स्पोर्ट्स ने फॉर्मूला इम्पीरियल 2026 में कम्बशन इंजन रेसिंग कार श्रेणी में प्रथम उपविजेता का खिताब जीता है। फॉर्मूला इम्पीरियल और इंडियन कार्टिंग रेस 2026 का आयोजन 8 से 12 अक्टूबर के बीच ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में किया गया।





रायपुर। इस आयोजन में एनआईटी रायपुर के टीम द्वारा डिजाइन किया गया यूनाइटेड रेसिंग मोटरस्पोर्ट्स इतिहास रचा है। यह उपलब्धि संस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यूनाइटेड रेसिंग मोटर स्पोर्ट्स टीम ने अपनी तकनीकी दक्षता, नवाचार, मेहनत और उत्कृष्ट इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। 45 विद्यार्थियों की इस टीम ने अपनी रेसिंग कार का डिजाइन, विकास और निर्माण स्वयं किया। विद्यार्थियों ने अपने सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में लागू करते हुए ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, पावरट्रेन विकास और रेसिंग वाहन की कार्यक्षमता के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। फॉर्मूला इम्पीरियल 2026 में एनआईटी की उपलब्धि की बात करें तो टीम ने कम्बशन इंजन रेसिंग कार श्रेणी में प्रथम उपविजेता का खिताब नाम किया है। 14 राज्यों के 37 इंजीनियरिंग संस्थानों से कुल 40 टीमें इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल हुईं।

कई श्रेणी में अवार्ड और पुरस्कार जीते

इस श्रेणी में टीम को पुरस्कार राशि 35,000 रुपए प्राप्त हुए। इसके अलावा आईएसआईई फ्यूचर अवार्ड में 10,000 की पुरस्कार राशि, एंड्योरेंस सीवी श्रेणी में उपविजेता सहित इंजन श्रेणी में भी उपविजेता जैसे खिताब जीत कर कई उपलब्धि अपने नाम किया। ये उपलब्धियां वाहन निर्माण, पावरट्रेन इंजीनियरिंग, तकनीकी प्रदर्शन और एंड्योरेंस प्रतिस्पर्धा में टीम की क्षमता को दर्शाती है। टीम की यह सफलता व्यावहारिक शिक्षा, विद्यार्थी-केंद्रित नवाचार, स्वदेशी तकनीकी विकास और आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त बनाती है। यह उपलब्धि एनआईटी के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है।

सफलता में इनका रहा योगदान

यह सफलता टीम के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई। इसमें प्रो. समीर बाजपेयी प्रमुख करियर डेवलपमेंट सेंटर, प्रो. एनवी रमना राव निदेशक एनआईटी, डॉ. एनवी स्वामी नायडू विभागाध्यक्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग तथा संस्थान के सम्मानित संकाय सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग और प्रोत्साहन रहा।

दुर्गोत्सव



एवन युवा दुर्गोत्सव समिति, दूधाधारी मंदिर परिसर, मठपारा



नवभारत दुर्गा उत्सव समिति, नवभारत चौक, कंकालीपारा



रामकुंड जनकल्याण समिति जीई रोड, रामकुंड



श्रीश्रीश्री नव दुर्गोत्सव समिति, भनपुरी



श्री बजरंग मंदिर दुर्गा उत्सव समिति, दुबे चौक, ब्राह्मणपारा।



दुर्गा उत्सव समिति, उत्कल नगर, सिविल लाइंस



जानकी नगर दुर्गोत्सव समिति, बोरियाखुर्द



श्री जय छत्तीसगढ़ नवदुर्गोत्सव महोत्सव समिति, कंकाली नाका चौक, पुरानी बस्ती



जय माँ दुर्गोत्सव समिति, पुराना बाजार चौक, सांकरा



नव दुर्गोत्सव समिति, शांतिनगर, रायपुर

● राजधानी के मित्तल भवन में 15 साल पहले शुरू हुई परंपरा, अब शहर में 5 जगह और प्रदेश में 20 जगह पहल

कैरम, लूडो से मनोरंजन करते हुए बुजुर्ग सजा रहे चौपाल परिवार और समाज की समस्या पर भी करते हैं मंथन

भारतीय संस्कृति में चौपाल केवल बैठने का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद, आत्मीयता, अनुभवों के आदान-प्रदान और आपसी मतभेद को सुलझाने की एक समृद्ध परंपरा रही है। बदलते सामाजिक परिवेश में विलुप्त होती इस परंपरा को पुनर्जीवित करने की एक अभिनव पहल 15 वर्ष पहले रायपुर में समता कॉलोनी स्थित मित्तल भवन में सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच ने शुरू की थी। अभी भी बुजुर्ग कैरम, लूडो से मनोरंजन करते हुए चौपाल सजाते हैं। इस पहल की अच्छी बात यह है कि इस परंपरा से उन्हें जोड़ने के लिए नाती-पोते और बेटे स्वयं लेकर पहुंचते हैं। जहां परिवार और समाज की समस्याओं पर बुजुर्ग मंथन करते हुए वे सुझाव भी देते हैं।



रायपुर। इस अनूठी पहल की परिकल्पना रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने की थी। उनका मानना था कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, ज्ञान और संस्कार समाज को नई दिशा दे सकते हैं। जरूरत उन्हें एक ऐसा आत्मीय मंच उपलब्ध कराने की है, जहां वे खुलकर अपनी बात कह सकें और समाज से जुड़ सकें। उन्होंने बताया कि 15 साल पहले समता कॉलोनी स्थित मित्तल भवन से इसकी शुरुआत की गई थी। परिकल्पना को आगे बढ़ाने में सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के चौपाल संयोजक मधुसूदन सांवरिया, हरिश अग्रवाल, सुमन अग्रवाल एवं सुमन गोपाल अग्रवाल की अहम भूमिका रही। अभी शहर के अलग-अलग 5 कॉलोनियों और सामाजिक भवनों में इसका संचालन किया जाता है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने बताया कि परिकल्पना ने वृहद रूप लेते हुए अब प्रदेश में 20 स्थानों पर बुजुर्गों के लिए चौपाल सजने लगा है। जहां बुजुर्गों को लेकर परिवार के सदस्य पहुंचते और उनके साथ समय भी बिताते हैं।

इन स्थानों पर शहर में अब सजती है चौपाल

यहां बुजुर्ग एकत्रित होकर अपने जीवन के संस्मरण साझा करते, सामाजिक समस्या पर चर्चा, एक-दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी भी बनते हैं। इसके साथ ही पारिवारिक एवं सामाजिक मतभेदों को आपसी संवाद से सुलझाने का प्रयास भी करते थे। अभी तक बुजुर्गों की चौपाल के जरिए 110 से अधिक पारिवारिक और सामाजिक विषयों को लेकर उत्पन्न हुए विवाद को आपसी संवाद से निपटाने में सफलता प्राप्त की है। श्री अग्रवाल ने बताया कि इसके साथ ही एसआईआर जैसे मुद्दों पर संवाद करते हुए समाज के बुजुर्ग इसे सही ठहराते हुए लोगों को विरोध की बजाय सहयोग के लिए भी समझाने का दायित्व भी निभाते हैं।



परंपरा को बड़ा रूप देना उद्देश्य

संगठन ने इस सामाजिक अभियान के संचालन और विस्तार की जिम्मेदारी हरीश अग्रवाल एवं विष्णु गोयल को प्रांतीय संयोजक के रूप में सौंपी है। इस पहल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों, नगरों एवं अग्रवाल सभाओं के माध्यम से चौपाल की परंपरा को व्यापक स्वरूप प्रदान करना है, ताकि इस आत्मीय मंच से बुजुर्ग जुड़ सकें। रायपुर से शुरू हुई यह सामाजिक सोच अब धीरे-धीरे छत्तीसगढ़ की सीमाओं से आगे बढ़कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही है। डा. अग्रवाल ने बताया कि आगामी दिनों में नयापारा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में भी चौपाल की परंपरा शुरू करने की तैयारी हैं।

चौपाल में बनी पुनर्विवाह की योजना

बुजुर्गों की चौपाल के माध्यम से जहां सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं का संवाद से समाधान निकालने का प्रयास किया जाता है, वहीं उनसे मिलने वाले सुझाव के आधार पर ही सामाजिक स्तर पर विधवा-विधुर पुनर्विवाह जैसी योजना का आगाज भी हुआ। इसके साथ ही महिला चौकी चौपाल भी शुरू किया गया। इसके माध्यम से महिलाओं को जोड़ने की अनूठी पहल हुई। चौपाल की इसी परंपरा को महिलाओं के बीच भी एक सुंदर स्वरूप मिला है। अशोक रतन परिसर में अनीता अग्रवाल द्वारा महिला चौकी चौपाल का संचालन कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है।

तीन दशक से कार्टून कला को सहेज रही 'कार्टून वॉच'

अभिषेक ने सिर्फ दो मिनट में बनाया मुख्यमंत्री का कैरिकेचर

रायपुर। देश की एकमात्र मासिक कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच ने प्रकाशन के 31वें वर्ष में प्रवेश किए। इस अवसर पर कार्टून फेस्टिवल का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वयं कार्टून बनाकर समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी कार्टून बनाया। जयपुर से आए कार्टूनिस्ट अभिषेक तिवारी ने महज दो मिनट में मुख्यमंत्री का कैरिकेचर बनाया। वहीं, कार्टून वॉच के संपादक त्र्यंबक शर्मा ने भी दो मिनट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कैरिकेचर बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समारोह में कहा कि कार्टून वॉच के कार्टून फेस्टिवल का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि वर्ष 2011 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और वर्ष 2012 में बालासाहेब ठाकरे भी इस आयोजन में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री ने कैरिकेचर बुक का विमोचन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रकाशित यह कैरिकेचर पुस्तक अपने आप में अनूठी पहल है।



तीन दशक तक पत्रिका का प्रकाशन बड़ी उपलब्धि

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि वक्ता हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि आज के दौर में जब स्थापित समाचार पत्र भी दम तोड़ने लगे हैं, तब एक विलुप्त होती विद्या पर लगातार तीन दशकों से पत्रिका का प्रकाशन अपने आप में आश्चर्यजनक है। इसके लिए पत्रिका के संपादक त्र्यंबक शर्मा साधुवाद के पात्र हैं। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से इस आयोजन से जुड़े हुए हैं। यह पहला अवसर है, जब सम्मानित होने वाले कार्टूनिस्ट उनके साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने अभिषेक तिवारी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिलने पर शुभकामनाएं दीं।

नेताओं पर बनते हैं सबसे ज्यादा कार्टून

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि नेता लोग कार्टूनिस्टों के पसंदीदा विषय होते हैं और सबसे ज्यादा कटाक्ष भी हम नेताओं पर ही किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती इस विद्या को तीन दशकों से सहेजकर रखना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। जयपुर के कार्टूनिस्ट अभिषेक तिवारी ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिलने के बाद कहा कि यह उनके लिए बेहद भावुक क्षण है।

पत्रिका से जुड़े सदस्यों और लेखकों का विशेष सम्मान: इस अवसर पर संपादक त्र्यंबक शर्मा ने पत्रिका से जुड़े कुछ सदस्यों और लेखकों को सरप्राइज सम्मान के रूप में स्मृति चिह्न अतिथियों के हाथों प्रदान करवाए। इनमें व्यंग्य लेखिका डॉ. सारिका सिंघानिया को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इसके अलावा अख्तर अली, ई.वी. मुरली, राजेश गनोदवाले, प्रवीण शुक्ल, संजीव गुप्ता, रवि तिवारी, संघर्ष यदु, जयेन्द्र नारंग, आशीष त्रिपाठी और रितेश अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया।



मातृ स्वरूप 501 कन्याओं के चरण पखारते हुए किया पूजन



रायपुर। शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि पर विगत सात वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भव्य आयोजन किया गया। निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड में किए गए इस आयोजन में गुरु गोविंद सिंह, कालीमाता, शंकर नगर और सिविल लाइन वार्ड से 501 कन्या भोज का दिव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री तिवारी ने स्वयं सभी 501 मातृ स्वरूप कन्याओं का चरण पखारने के बाद पांव पोंछकर, आलता-महावर लगाकर विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद सभी कन्याओं को महाप्रसाद के रूप में भोग खिलाया गया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद प्रत्येक कन्या को माता रानी की चुनरी ओढ़ाने और उपहार भेंट करने के बाद आशीर्वाद प्राप्त किया। भेंट और प्रसाद प्राप्त करने के बाद मातृ स्वरूप कन्याओं ने हृदय से आशीर्वाद देते हुए कहा कि आकाश तिवारी द्वारा यह सेवा कार्य इसी प्रकार अनवरत जारी रहे और माता रानी की कृपा सभी पर बनी रहे।

शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि पर भक्तों ने की स्कंदमाता की पूजा-अर्चना

देवी मंदिरों में उमड़ रहा सैलाब, चुनरी और आस्था के फूल अर्पित कर भक्त मांग रहे मन्नत

कार्नर न्यूज

रायपुर। शहर के महामाया मंदिर, कालीमाता मंदिर और बंजारी माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पंचमी पर भक्तों का उत्साह दिखा। माता की महाआरती में शामिल होकर भक्तों ने नारियल, चुनरी और आस्था के फुल, भोग अर्पित कर जीवन में सुख-शांति की मन्नत मांगी। पंचमी के दिन माता के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा-अर्चना कर भक्तों ने मनोकामना सिद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारियों व सेवादारों ने माता की प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार-पूजन किया। नवरात्रि के दौरान मंदिर प्रांगण ज्योति कलश, फूलों और इलेक्ट्रॉनिक झालर, लाइट्स से जगमग हो रहा है। देवी मंदिरों में दर्शन पूजा के लिए सुबह से देर शाम तक भक्तों का तांता लग रहा। श्रद्धालु व्रत रखकर अपनी आस्था की शक्ति से देवी के नौ रूपों की भक्ति आराधना में लीन दिख रहे हैं। मंदिरों में स्थापित ज्योति कलश के दर्शन और दिव्य आलोक से भक्त अपने जीवन में उर्जा और रोशनी का आह्वान कर रहे हैं। भक्तगण माता से परिवार के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। नवरात्रि पर माता की आराधना-भक्ति से महौल सराबोर हो रहा है। देवी मंदिरों में रोजाना सैंकड़ों सेवादार माता के सेवा में उपस्थित हैं। वहीं व्रती भक्त माता के 9 स्वरूपों की भक्ति से सौभाग्य की प्राप्ति कर रहे हैं। शारदीय नवरात्रि पर शहर के प्रमुख देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों पर दर्शन करने भक्ति व उत्साह का महौल देखते ही बन रहा है।

कालीमाता मंदिर में भक्तों का तांता

आकाशवाणी चौक स्थित कालीमाता मंदिर में पंचमी के दिन महाआरती में शामिल होने भक्तों का तांता लगा रहा। शाम को माता के दर्शन व आरती के लिए भक्त कतारों में लगे रहे। देवी प्रतिमाओं को फूल मालाओं से श्रृंगारित किया गया। वहीं मंदिर के ज्योति कलश कक्ष में प्रज्ज्वलित 2500 मनोकामना जोत के भी दर्शन कर माता से मनोकामना सिद्धि का वर मांगे।



इन मंदिरों में भी लगी रही भक्तों का रेला : पंचमी में डंगनिया स्थित मां शीतला मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी में आस्था व भक्ति का महौल रहा। मंदिर में विधि-विधान से आरती-पूजा अर्चना में सैंकड़ों की संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी रही। मां शीतला मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ में सुबह से शाम तक भक्त पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए उमड़े रहे।



दंतेश्वरी माता का स्वर्ण श्रृंगार और महाआरती



दंतेश्वरी माता मंदिर ट्रस्ट के सचिव जशवंत सिंह ठाकुर ने बताया कि पंचमी पर सुबह माता की स्वर्ण श्रृंगार किया गया। इसके बाद महाआरती की गई। महाआरती में बड़ी संख्या भक्त भक्ति भाव के साथ शामिल हुए। नवरात्रि के पहले दिन से ही आरती-पूजा, दर्शन का सिलसिला चल रहा है। सुबह से देर रात्रि तक भक्तों का तांता मंदिर प्रांगण में लगा रहा। मंदिर में 1560 मनोकामना ज्योति भक्तों द्वारा प्रज्ज्वलित कराई गई है। यहां 40 से अधिक सेवादार माता के दरबार की रखवाली में लगे हुए हैं।

बंजारी माता मंदिर में दर्शन का सौभाग्य पाने आतुर

बंजारी माता मंदिर के मुख्य पुजारी पं. डॉ. हरिप्रसाद जोशी ने बताया कि पंचमी पर माता की महाआरती में भक्तों का उत्साह उमड़ पड़ा। माता दिव्य स्वरूप के दर्शन करने सुबह से देर रात तक श्रद्धालु कतारों में लगे अपनी बारी का इंतजार करते रहे। बारी आने पर माता के दर्शन कर मन की मुराद मांगी। मंदिर प्रांगण में रोजाना भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा। भक्तगण मंदिर गर्भ गृह से लेकर ज्योति कलश के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं। पुजारी ने बताया कि भक्त मंदिर में दर्शन-पूजा के बाद रोजाना भंडारा प्रसादी का लाभ उठा रहे हैं। 250 से अधिक सेवादार पूरे 9 दिन माता के सेवा में उपस्थित रहकर व्यवस्था का सुचारू संचालन में सहयोग कर रहे हैं।

हेल्थ टिप्स

नारायणपुर ने सरगुजा को 4 रनों से हराया, हर्ष ने बनाए 54 रन



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा कवर्धा में आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एकदिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को नारायणपुर और सरगुजा के बीच मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मैच को नारायणपुर की टीम ने 4 रनों से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नारायणपुर की टीम 137 रनों पर ऑल आउट हो गई, जिसमें हर्ष सरकार ने 54 रन और यश यदु ने 14 रनों का योगदान दिया। सरगुजा की ओर से गेंदबाजी करते हुए ईशान सोनी ने 5 और लक्ष्य साहू ने 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा की टीम 133 रनों पर सिमट गई। सरगुजा की तरफ से ईशान चौधरी ने नाबाद 40 रन, त्रंबकेश्वर प्रताप सिंह ने 39 रन और नईमुला चिश्ती ने 26 रन बनाए। नारायणपुर के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें नमन सिंह ने 4 तथा यश यदु और तन्मय वरडा ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।

अंतर महाविद्यालय टेनिस में हुए रोमांचक मुकाबले



रायपुर। उच्च शिक्षा विभाग एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की मेजबानी में अंतर महाविद्यालय टेनिस प्रतियोगिता वीआईपी क्लब में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस स्पर्धा में विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 20 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। आयोजन सचिव एवं क्रीड़ा अधिकारी रूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि चयनकर्ता के तौर पर संजय शुक्ला (सहायक संचालक डीपीआई) और डॉ. रिंकू पांडे उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति में विश्वविद्यालय की टेनिस टीम का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों की सूची में लड़कों की ओर से यशार्थ चड्ढा, पीयूष सिंह और वलय गोवर्धन (सभी पंडित हरिशंकर महाविद्यालय, रायपुर), खीरमन तांडी (शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय) तथा मोनेश यादव (आदर्श कॉलेज, मंडी, रायपुर) शामिल हैं, जबकि स्टैंडबाय के रूप में जसवेद शर्मा (शंकराचार्य महाविद्यालय, रायपुर) को रखा गया है। लड़कियों की टीम में जीतेश्वरी साहू, उर्वशी बंजारे और दिनेश्वरी तांडी (सभी शासकीय दूधाधारी महिला महाविद्यालय, रायपुर) तथा पूर्णिमा फरीकार (गुरुकुल महिला महाविद्यालय, रायपुर) का चयन किया गया है। प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका लुकेश नेताम, रोहन मंडल, अमन ध्रुव और विशाल निषाद ने निभाई। इस अवसर पर दूधाधारी महिला महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. कार्मिष्ठ शम्भरकर और हरिशंकर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजेश जंघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल में राजनादगांव रहा विजेता, रायपुर बना उपविजेता



रायपुर। राजनादगांव सेक्टर की टीम ने तिल्दा के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए रायपुर सेक्टर को शिकस्त दी और विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली, जबकि रायपुर सेक्टर इस प्रतियोगिता का उपविजेता रहा। इस रोमांचक और कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा रहे, जिन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को शील्ड, पदक और नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उपस्थित जनसमूह और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि खेल केवल हार और जीत का पर्याय नहीं है, बल्कि यह आपसी भाईचारे, अनुशासन और शारीरिक व मानसिक विकास का एक सशक्त माध्यम है। समापन समारोह के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे थे।

न्यूट्रिशनिस्ट ने बताए इन डिटॉक्स टिप्स से शरीर को करें रीसेट।

त्योहारों-पार्टियों के तला-भुना खाने से पेट में बन रही है भयंकर गैस, इन आसान डिटॉक्स उपायों से पाएं तुरंत राहत

शादियों, सगाई समारोहों और देर रात तक चलने वाली कॉकटेल पार्टियों का सीजन शुरू होते ही हमारी खान-पान की दिनचर्या पूरी तरह बदल जाती है। पार्टियों में सजने वाले बुफे, तली-भुनी स्टार्टर्स, रिच ग्रेवी वाले पकवान और लजीज मिठाइयां हर किसी का ध्यान खींच लेती हैं। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ एन्जॉय करते वक्त हम अक्सर अपनी भूख से ज्यादा और असमय खाना खा लेते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि अगली सुबह पेट में भयंकर गैस, जलन, ब्लोटिंग (पेट फूलना) और असहज भारीपन महसूस होने लगता है।

स्वाद-स्वाद में खाया गया यह हैवी फूड हमारे पाचन तंत्र को सुस्त बना देता है। अगर आप भी पार्टी सीजन के दौरान पेट की इस समस्या से परेशान हैं, तो घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। कुछ आसान घरेलू और प्राकृतिक डिटॉक्स उपायों को अपनाकर आप अपने शरीर को तुरंत रीसेट कर सकते हैं और मिनटों में हल्का व ऊर्जावान महसूस कर सकते हैं।

विशेषज्ञ की राय और डिटॉक्स के मूलभूत नियम

ग्लोबल पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन (यूके) में एमएससी और नेशनल डायबिटीज एजुकेटर न्यूट्रिशनिस्ट दीपशिखा जैन के अनुसार, पार्टियों और शादियों के



बाद पेट की इन समस्याओं से निपटने के बेहद सरल और असरदार तरीके मौजूद हैं। उनका कहना है कि लेट-नाइट पार्टियों के बाद शरीर में पानी का सही संतुलन बनाए रखना, पोटैशियम से भरपूर चीजें खाना और हल्की-फुल्की शारीरिक गतिविधि करना सबसे ज्यादा जरूरी है।

शादियों और पार्टियों के उत्साह में लोग अक्सर पर्याप्त पानी पीना भूल जाते हैं, जिससे शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ जाता है और 'वाटर रिटेंशन' की वजह से पेट फूला हुआ लगने लगता है। इस ब्लोटिंग को कम करने के लिए सादे पानी के अलावा बिना चीनी का नींबू पानी, खीरा और पुदीने का डिटॉक्स वाटर या ताजा नारियल पानी पीना चाहिए। ये सभी पेय फ्लशिंग एजेंट की तरह काम करते हैं जो शरीर से एक्स्ट्रा सोडियम और जमा हुए टॉक्सिन्स (विषाक्त पदार्थों) को बाहर निकालकर पाचन तंत्र को दुरुस्त करते हैं और कब्ज की शिकायत दूर करते हैं।



सोडियम संतुलन और शारीरिक गतिविधि का महत्व

शादियों के मसालेदार भोजन और जंक फूड के कारण शरीर में सोडियम और पोटैशियम का संतुलन बिगड़ जाता है, जो ब्लोटिंग और पेट गैस की मुख्य वजह है। इसे संतुलित करने के लिए अपनी डाइट में एवोकाडो जैसे पोटैशियम से भरपूर फूड्स शामिल करने चाहिए। यह मिनरल कोशिकाओं के भीतर फ्लुइड को बैलेंस करके सोडियम के हानिकारक प्रभाव को बेअसर करता है, जिससे गैस से तुरंत राहत मिलती है और शरीर में हल्कापन महसूस होता है।

इसके अलावा, पार्टी में भारी खाना खाने के तुरंत बाद सो जाना या लेटे रहना सबसे बड़ी भूल है। भोजन के बाद तुरंत जिम जाने की जरूरत नहीं है, बल्कि केवल 20 से 30 मिनट की हल्की वॉक, हल्की स्ट्रेचिंग या सरल योगासन करने से ही आंतों में फंसी हुई एक्स्ट्रा गैस बाहर निकल जाती है। इससे



पाचन प्रक्रिया तेज होती है, मेटाबॉलिज्म सुधरता है और पार्टी के दौरान ली गई एक्स्ट्रा कैलोरी भी आसानी से बर्न हो जाती है।

गैस बनने के कारण और त्वरित राहत के अचूक उपाय

शादियों और पार्टियों में पेट में गैस बनने की मुख्य वजह यह है कि हमारा कमजोर पाचन तंत्र भारी और मसालेदार खाने को समय पर पचा नहीं पाता। इसके अलावा, पार्टियों में गपशप करते हुए या जल्दी-जल्दी खाने से हवा भी पेट के भीतर चली जाती है जो गैस का रूप ले लेती है। इससे बचने के लिए खाना हमेशा धीरे-धीरे और खूब चबाकर खाएं। अगर पार्टी के बाद अचानक पेट में तेज गैस या भारीपन महसूस हो, तो तुरंत हल्का गुनगुना पानी पिएं, जिससे गैस बाहर निकलने में मदद मिलती है।

नेशनल खेलने आए केरल के खिलाड़ी की हड्डी टूटी, त्वरित उपचार मिलने से खेल बिरादरी गदगद



भिलाई। बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन ने केरल से आए सब-जूनियर खिलाड़ी विनय कृष्णा को हादसे में घायल होने के बाद मिली त्वरित चिकित्सा के प्रति खुशी जाहिर की है। खेल संगठनों ने जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय धाबर्डे तथा समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि नेशनल बॉल बैडमिंटन चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने आए केरल के खिलाड़ी विनय कृष्णा के साथ 7 अक्टूबर को हादसा हो गया था। जिसमें ई-रिक्शा से खेल मैदान जाते समय टाउनशिप में एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। ई-रिक्शा पलटने से खिलाड़ी के जांघ की हड्डी टूट गई थी। इसके बाद खिलाड़ी को सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बाहरी खिलाड़ी की मदद के लिए एसोसिएशन के खेल संघ के पदाधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन से सहयोग मांगा था, जिसके बाद खिलाड़ी को त्वरित व निःशुल्क उपचार मिला। उपचार के बाद खिलाड़ी अब अपने घर लौट गया है। बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन ने भिलाई इस्पात संयंत्र उच्च प्रबंधन, खेल विभाग, नगर सेवाएं विभाग, एलएंडए विभाग, खेल संस्कृति नागरिक सुविधाएं विभाग, सेक्टर-9 अस्पताल के प्रभारी डॉ. उदय धावर्डे तथा समस्त चिकित्सा कर्मियों के प्रति आभार जताया है।

गलती से ओवर फ्राई हुए खाने को बेहतरीन तरीके से करें इस्तेमाल



यदि खाना बनाते समय कोई चीज गलती से ज्यादा (ओवर फ्राई) हो जाती है, तो कोई भी उसे खाना पसंद नहीं करता। लेकिन कुछ आसान ट्रिक्स और कुकिंग टिप्स को अपनाकर आप खराब या कड़े हो चुके उस ओवर फ्राइड फूड को फिर से एकदम परफेक्ट और टेस्टी बना सकती हैं।

हल्की स्टीम (भाप) दें

अगर फूलगोभी, भिंडी, डंपलिंग, कटलेट्स या पनीर के क्यूब्स ज्यादा फ्राई हो गए हैं, तो उन्हें थोड़ा स्टीम करें। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि खाने का क्रंच बना रहे। ओवर फ्राई होने पर खाना अंदर से सूखा और कड़ा हो जाता है, ऐसे में हल्की स्टीमिंग से वह फिर से सॉफ्ट और स्वादिष्ट हो जाता है। इसके लिए एक पैन में 1-2 कप पानी उबालें, ऊपर स्टीमिंग रैक या छलनी रखें और ढक्कन लगाकर 1-2 मिनट तक भाप दें। चाहें तो स्टीम करने से पहले हल्का नमक, काली मिर्च या हर्ब्स छिड़क लें, जिससे स्वाद और बढ़ जाएगा।

स्वादिष्ट सूप में करें शामिल

ज्यादा तले हुए भोजन को दोबारा खाने योग्य बनाने का एक बेहतरीन तरीका यह है कि उसे सूप में शामिल कर लिया जाए। आप फ्राइड पकौड़े, सब्जियां, डंपलिंग या कटलेट्स आदि के छोटे टुकड़े करके गरमागरम सूप में 2-3 मिनट के लिए डाल सकती हैं। सूप न केवल फ्राइड फूड को बेहतरीन फ्लेवर देता है, बल्कि उसे सौगी (गीला और चिपचिपा) होने से भी बचाता है।



हॉकी और ताइक्वांडो में हुए रोचक मुकाबले

रायपुर। रायपुर में 26वीं राज्य शालेय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हो चुकी है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के पांचों संभागों से 14, 17 और 19 वर्ष आयु समूह के बालक-बालिकाएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत कल से हॉकी और ताइक्वांडो की स्पर्धाएं शुरू हो चुकी हैं। इसके अलावा आज से साइकिलिंग और रोलर स्केटिंग की स्पर्धाएं भी शुरू की जा रही हैं।

- रायपुर में 26वीं राज्य शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता 11, 14, 17 और 19 वर्ष आयु समूह में आयोजित की जाएगी, जिसमें खिलाड़ियों को 1 लैप, 500 मीटर, 1 किलोमीटर, 1500 मीटर और 3 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी। इसमें प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, साइकिलिंग प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों



को मास स्टार्ट स्पर्धा में 1 मिनट के अंतराल पर स्टार्टिंग पॉइंट से छोड़ा जाएगा, जिसके लिए दूरी क्रमशः 10, 15 और 25 किलोमीटर निर्धारित की गई है। टाइम ट्रायल स्पर्धा में यह दूरी 6 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 15 किलोमीटर होगी। साइकिलिंग प्रतियोगिता नया रायपुर में सुबह 8 बजे शुरू कर दी जाएगी।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता के परिणाम

गुरुवार को संपन्न हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार, बालक 19 वर्ष आयु वर्ग में 48 किलोग्राम भार वर्ग में रायपुर के शिवम प्रथम और सरगुजा के बलराम सारथी द्वितीय स्थान पर रहे। 51 किलोग्राम भार वर्ग में रायपुर के साहिल प्रथम, सरगुजा के कार्तिक द्वितीय और बस्तर के सुमित तृतीय स्थान पर रहे। 55 किलोग्राम भार वर्ग में रायपुर के निखिल प्रथम, बिलासपुर के मानक द्वितीय और सरगुजा के कुणाल तृतीय रहे।

59 किलोग्राम भार वर्ग में दुर्ग के देवराज प्रथम, सरगुजा के आदर्श द्वितीय और बिलासपुर के आयुष तृतीय स्थान पर रहे। 63 किलोग्राम भार वर्ग में बिलासपुर के आर्यन प्रथम, रायपुर के चंदन द्वितीय और दुर्ग के गजेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। 68 किलोग्राम भार वर्ग में सरगुजा के सुजल प्रथम और बिलासपुर के किशन द्वितीय रहे। 73 किलोग्राम भार वर्ग में दुर्ग के वेदान साहू प्रथम, बिलासपुर के रौनक द्वितीय और बस्तर के किशोर मरकाम तृतीय रहे। 78 किलोग्राम भार वर्ग में दुर्ग के प्रिंस प्रथम, रायपुर के सतीश द्वितीय और बिलासपुर के मूलचंद तृतीय रहे। 78 किलोग्राम से अधिक वजन वर्ग में रायपुर के निहाल प्रथम, दुर्ग के सृजन द्वितीय और बस्तर के उज्जवल तृतीय स्थान पर रहे।

हॉकी में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हॉकी प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक 14 आयु वर्ग के परिणामों में पहला मुकाबला बिलासपुर और सरगुजा के बीच हुआ, जिसमें सरगुजा ने बिलासपुर को 2-0 से हरा दिया। एक अन्य मुकाबले में बस्तर ने रायपुर को 2-1 से हराया। दुर्ग और बिलासपुर के बीच हुए मैच में दुर्ग ने 3-0 से विजय प्राप्त की।



घर में चाहते हैं अपार सुख-समृद्धि और तरक्की तो आज ही आजमाएं वास्तु शास्त्र के अचूक उपाय

भारतीय संस्कृति में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व है। आमतौर पर लोग अपने सपनों के घर का निर्माण वास्तु के नियमों के अनुसार ही करवाते हैं और घर के भीतर रखी जाने वाली हर वस्तु का स्थान भी वास्तु के हिसाब से तय करते हैं। ऐसी धार्मिक और पारंपरिक मान्यता है कि यदि वास्तु शास्त्र के सिद्धांतों की अनदेखी की जाए, तो घर में बेवजह के गृह-क्लेश, मानसिक तनाव और गंभीर आर्थिक तंगी बनी रहती है। हमारे आसपास मौजूद हर छोटी-बड़ी वस्तु हमारे जीवन, सोच और भाग्य पर सीधा प्रभाव डालती है।

कई बार हम अनजाने में कुछ ऐसी नकारात्मक चीज़ों की खरीदारी कर लेते हैं या उन्हें गलत जगह रख देते हैं, जिन्हें वास्तु में बेहद अशुभ माना गया है। यह अज्ञानता हमारी तरक्की के रास्तों में रोड़ा अटका सकती है। इसलिए जरूरी है कि घर के माहौल को सकारात्मक बनाने के लिए सही नियमों का पालन किया जाए। आइए विस्तार से जानते हैं वास्तु के उन आसान और असरदार उपायों के बारे में, जिन्हें अपनाने से जीवन में सफलता और सुख-शांति के नए द्वार खुलते हैं



वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के आंगन या बालकनी में हरे-भरे पेड़-पौधे लगाना बेहद शुभ और फलदायी माना जाता है। इनमें तुलसी का स्थान सर्वोपरि है। वास्तु के मुताबिक हर घर में तुलसी का पौधा अवश्य होना चाहिए। माना जाता है कि जिस घर में प्रतिदिन तुलसी की देखभाल और पूजा होती है, वहां सदैव खुशहाली, सुख और समृद्धि का वास रहता है।

वास्तु शास्त्र की सलाह के अनुसार, हर गृहस्थ को अपने घर या दुकान के पूजा स्थल पर नियमित रूप से सुबह-शाम शुद्ध देसी घी का दीपक प्रज्वलित करना चाहिए। इसके साथ ही शाम की आरती के दौरान कपूर जलाकर पूरे घर में उसका धुआं दिखाना चाहिए। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा तुरंत नष्ट होती है और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार तेजी से बढ़ने लगता है।

धार्मिक और वास्तु मान्यताओं के अनुसार, झाड़ू को धन की देवी मां लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। इसलिए कभी भी घर के मुख्य द्वार पर या उसके ठीक आसपास झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी रुष्ट हो जाती हैं और घर में दरिद्रता, अशांति तथा बेवजह की कलह बढ़ने लगती है।

आधुनिक जीवनशैली में कई लोग आलस्य के कारण रात के जूठे बर्तन सिंक में ही छोड़ देते हैं। वास्तु शास्त्र में इसे बहुत बड़ा दोष माना गया है।



बच्चों को एनीमिया से बचाने 'हर-घर मुनगा' अभियान, आंगनबाड़ी, स्कूल और छात्रावासों में भी लगेंगे इसके पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बच्चों को एनीमिया और कुपोषण से बचाने के लिए हर-घर मुनगा, घर-घर मुनगा अभियान चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस महत्वाकांक्षी अभियान को चलाने की तैयारी है। इस संबंध में गुरुवार को महानदी भवन में बैठक आयोजित हुई, जहां इस प्रोजेक्ट पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया, मुनगा (सहजन) की फलियों और पत्तियों में पोषक तत्वों का अपार भंडार होता है। इसमें आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन-ए और विटामिन-सी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसे नियमित भोजन में शामिल करने से कुपोषण और एनीमिया की रोकथाम में काफी मदद मिलती है, विशेषकर कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए यह बेहद फायदेमंद है। अभियान के तहत राज्य के प्रत्येक घर में मुनगा के पौधे निःशुल्क वितरित किए जाएंगे और हर घर में इनका रोपण व देखभाल सुनिश्चित की जाएगी। उद्यानिकी, कृषि एवं किसान कल्याण तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की नर्सरियों में मुनगा के पौधे तैयार किए जाएंगे। फरवरी से मार्च के दौरान इन्हें घर-घर वितरित कर रोपित किया जाएगा। सभी जिलों के कलेक्टर इसकी निगरानी करेंगे। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में यह बैठक हुई।

23 हजार 500 स्कूलों में लगाए जाएंगे मुनगे के पौधे

पौधों की निगरानी करने डिजिटल जियो-टैगिंग व लाइव डैशबोर्ड मॉनिटरिंग



तैयार होगी पोषण वाटिका

राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, आश्रमों और छात्रावासों में भी मुनगा के पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराकर लगाए जाएंगे। पौधों के रोपण, उनकी सुरक्षा और सिंचाई सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल जियो-टैगिंग और लाइव डैशबोर्ड मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि हर पौधे के जीवित रहने की दर और पोषण स्तर पर सीधी नजर रखी जा सके। इस अभियान को सफल बनाने के लिए कई प्रमुख विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होगा, जो आंगनबाड़ी स्तर पर समन्वय, हितग्राही चयन, पोषण शिक्षा और दैनिक निगरानी करेगा। राज्य के करीब 23 हजार 500 स्कूलों में मुनगा पौधे का रोपण कर शाला पोषण वाटिका का निर्माण किया जाएगा और मध्याह्न भोजन में मुनगा भाजी शामिल की जाएगी।

गुणवत्तापूर्ण होगा मुनगा कलम

ग्राम पंचायत स्तर पर बाड़ियों की पहचान, नर्सरी तैयार करने और स्व-सहायता समूहों के सहयोग से जन-जन तक अभियान की जानकारी पहुंचाई जाएगी। उद्यानिकी एवं कृषि विभाग गुणवत्तापूर्ण मुनगा कलम व उन्नत पौधे तैयार करने, रोपण तकनीक, जैविक खाद और पौध सुरक्षा में तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे। इसके लिए वन विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग सचिव शहला निगार, आदिम जाति विकास विभाग सचिव भुवनेश यादव, स्कूल शिक्षा विभाग सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह सहित वन, उद्यानिकी और कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

विधानसभा सत्रों की अवधि बढ़ाने मुख्यमंत्री को महंत ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में जनसमस्याओं पर सार्थक चर्चा सुनिश्चित करने के लिए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विधानसभा सत्रों की अवधि और बैठकों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। डॉ. महंत ने कहा, प्रदेश में किसानों की समस्याएं, बिजली संकट, कानून-व्यवस्था, बदहाल सड़कें, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा जरूरी है। सीमित सत्र अवधि के कारण कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा नहीं हो पाती। उन्होंने कहा, जब सदन में जनता की आवाज नहीं सुनी जाती, तो समस्याएं सड़कों पर आंदोलन का रूप ले लेती हैं। स्कूली बच्चों का अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरना भी चिंता का विषय है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष, कार्यमंत्रणा समिति और सरकार से सर्वदलीय सहमति बनाकर सत्र के कार्यदिवस बढ़ाने की अपील की, ताकि लोकतंत्र मजबूत हो और जनसमस्याओं का समय पर समाधान हो सके।



■ सीमित सत्र अवधि के कारण कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा नहीं हो पाती : महंत

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति का आना तय, दो दिनों तक लेंगी मैराथन बैठकें

मुख्यमंत्री साय समेत पूरा मंत्रिमंडल, विधायक, सांसद प्रदेश पदाधिकारियों के साथ पुराने दिग्गज नेता भी रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का अंततः आने का कार्यक्रम तय हो गया है। सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू के साथ वह 25 अक्टूबर से दो दिनों के प्रवास पर रहेंगी। दो दिनों तक लगातार कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मैराथन बैठकों का दौर चलेगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री, विधायक, सांसद, प्रदेश के सभी पदाधिकारियों के साथ ही पुराने दिग्गज नेताओं को भी बुलाया गया है। कुल मिलाकर मिशन 2028 की तैयारी पर मंथन होगा। पुराने नेताओं की भी जिम्मेदारी तय होगी। इनके साथ वन टू वन चर्चा होगी।

प्रदेश भाजपा को आठ माह बाद अब जाकर नया प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी मिला है। नई नियुक्ति के बाद से ही प्रदेश प्रभारी के दौरे को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। अब नवरात्रि के बाद नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी का आना तय हो गया है। वह सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू के साथ 25 अक्टूबर की सुबह रायपुर पहुंचेंगी। विमानतल पर ही उनके बड़े स्वागत की तैयारी प्रदेश संगठन कर रहा है।

खास खबर











लगातार होंगी बैठकें

प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी के रायपुर आते ही ठाकरे परिसर में 25 अक्टूबर से ही बैठकों का दौर प्रारंभ होगा। इसमें प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, नए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित संगठन के महामंत्रियों के साथ पहले बैठक होगी। इसके बाद लगातार अलग-अलग बैठकें होंगी। इसमें मुख्यमंत्री साय, प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के साथ भी बैठक होगी। इसी के साथ संभाग, जिलों के प्रभारी, सह प्रभारी, जिलाध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक और सह संयोजक भी शामिल रहेंगे। प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारियों के साथ भी बैठक होगी। कोर ग्रुप की बैठक अलग से होगी।

पुराने दिग्गज नेताओं से होगी अलग से चर्चा

सबसे अहम बात यह है कि 2028 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के ऐसे पुराने दिग्गज नेता जिनके पास इस समय कोई जिम्मेदारी नहीं है, उनके साथ अलग से बैठक होगी। इस बैठक में दिग्गज नेताओं के साथ प्रदेश प्रभारी की वन टू वन बात होगी। संभावना है कि मिशन 2028 को देखते हुए चर्चा के बाद पुराने दिग्गज नेताओं को भी बड़ा जिम्मा दिया जा सकता है।

धान खरीदी सामग्री के केंद्रीकृत टेंडर पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

■ बाहरी कंपनियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश : सुशील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी के लिए तिरपाल, कैप कवर, सुतली और कैमरे की खरीदी प्रक्रिया में बदलाव को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि अपेक्स बैंक के माध्यम से केंद्रीकृत टेंडर जारी कर स्थानीय सहकारी समितियों और छत्तीसगढ़ी व्यापारियों के अधिकार प्रभावित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां स्थानीय जरूरतों के अनुसार इन सामग्रियों की खरीदी करती थीं। अब केंद्रीकृत प्रक्रिया से स्थानीय व्यापारियों को काम मिलने के अवसर कम हो सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे बाहरी कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाने और कमीशनखोरी की आशंका पैदा होती है।

सरकार स्पष्ट करे, क्यों किया बदलाव

कांग्रेस नेता ने सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए कहा, घटिया तिरपाल और कैप कवर से बारिश के दौरान धान भीगने तथा खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था की आशंका है। उन्होंने सरकार से खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और स्थानीय समितियों व व्यापारियों के हितों की रक्षा करने की मांग की। उन्होंने इसे स्थानीय रोजगार और छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान से जुड़ा मुद्दा बताते हुए कहा, सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि खरीदी व्यवस्था में बदलाव क्यों किया गया?

हल्दी बीज वितरण में कथित गड़बड़ी की जांच शुरू, अनुदान भुगतान पर रोक

डिजिटल क्रॉप सर्वे से होगा फसल और रकबे का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में उद्यानिकी विभाग की राज्य पोषित मसाला क्षेत्र विस्तार प्रोत्साहन योजना के तहत हल्दी बीज वितरण में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जांच शुरू कर दी गई है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निर्देश पर संचालनालय स्तर से जांच टीम गठित की गई है। जांच पूरी होने तक संबंधित किसानों को अनुदान भुगतान की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। योजना के तहत प्रदेश में 1300 हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती का लक्ष्य रखा गया है। प्रमाणित हल्दी बीज का रोपण करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 46 हजार रुपये तक अनुदान देने का प्रावधान है।

जांच के बाद ही मिलेगा अनुदान

योजना के तहत किसान स्वयं प्रमाणित हल्दी बीज की व्यवस्था कर अनुदान के लिए आवेदन करते हैं। इसके बाद मैदानी अमले के सत्यापन के आधार पर राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाती है। शिकायतों के बाद विभाग ने भुगतान रोककर दस्तावेजों और फसल की स्थिति की जांच का निर्णय लिया है।

दोषी पर होगी कानूनी कार्रवाई

कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निर्देश पर शुरू की गई जांच का उद्देश्य योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और पात्र किसानों तक लाभ पहुंचाना है। विभाग के अनुसार, जांच में यदि कोई अधिकारी, कर्मचारी या संबंधित संस्था दोषी पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डिजिटल सर्वे से होगा सत्यापन

उद्यानिकी विभाग ने जिला अधिकारियों से हितग्राहीवार बीज वितरण, बीज प्रदायक संस्थाओं की जानकारी, बीज की मात्रा और गुणवत्ता तथा किसानों को किए गए अनुदान भुगतान का विवरण मांगा है। खेतों में वास्तव में हल्दी की बुआई हुई है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। जांच के दौरान किसानों के रोपित रकबे, बीज की मात्रा, पंजीयन टैग, देयकों और अन्य दस्तावेजों का मिलान किया जाएगा।

गंगरेल बांध लबालब, फिर भी खेत प्यासे, तत्काल नहरों में पानी छोड़ें : धनेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं किसान नेता धनेन्द्र साहू ने महानदी परियोजन रायपुर के मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर एवं अधीक्षण अभियंत और कार्यपालन अभियंता से फोन पर चर्चा करते हुए कहा कि गंगरेल बांध में पर्याप्त जल उपलब्ध होने के बावजूद महानदी मुख्य नहर एवं शाखा नहरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने से रायपुर, धमतरी और बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्र के किसान परेशान हैं। बरसात बंद हुए 15 दिन से अधिक हो चुके हैं और धान की फसल को इस समय पानी की सख्त जरूरत है। इसके बावजूद नहरों में कम जल प्रवाह विभाग की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। श्री साहू ने राज्य सरकार एवं जल संसाधन विभाग से मांग की है कि तत्काल नहरों में पर्याप्त पानी छोड़कर अंतिम छोर के खेतों तक सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। आज किसान अपनी मेहनत से तैयार की गई फसल को सूखते हुए देखने के लिए विवश हैं। गांव-गांव में किसान सिंचाई के लिए परेशान हैं और संबंधित अधिकारियों से लगातार गुहार लगा रहे हैं। इसके बावजूद समस्या का समय रहते समाधान नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।



भाजपा बोली- लूट-अवैध वसूली के पैसे से बना है कांग्रेस कार्यालय

कांग्रेस कार्यालयों को किया जाए राजसात : संतोष पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार और कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस के पांच वर्षों के कार्यकाल में राज्य में कोयला, शराब और सट्टा जैसे अनेक घोटालों के माध्यम से भारी लूट मचाई गई, जिससे छत्तीसगढ़ की छवि पूरे देश में धूमिल हुई है। लूट और अवैध वसूली के पैसों से ही कांग्रेस कार्यालय बना है। उनका कहना है, कांग्रेस कार्यालयों को राजसात किया जाना चाहिए।



श्री पाण्डेय ने गुरुवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 3200 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले के मामले में 20 व्यक्तियों और 22 फर्मों/कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान पेश किया गया है। इस मामले में कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रहे रामगोपाल अग्रवाल, यश टुटेजा, अनवर ढेबर, बीआर लोहिया, कुमार भाई ठक्कर उर्फ रंजन ठक्कर (जिनके खिलाफ फरारी में चालान पेश हुआ है) सहित अन्य कई व्यक्तियों प्रवीण केडिया, राजेंद्र जायसवाल, चुन्नू जायसवाल, भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया, गोल्डी भाटिया, प्रिंस भाटिया आदि और कंपनियों के नाम शामिल हैं। श्री पाण्डेय ने घोटाले के तौर-तरीकों का ब्योरा देते हुए कहा, संचालकों से वैध शराब की आपूर्ति पर कमीशन लेने के साथ-साथ बिना आबकारी शुल्क चुकाए अवैध शराब (पार्ट-बी शराब) तैयार कराई गई और सरकारी दुकानों के माध्यम से उसकी अवैध बिक्री की गई। इसी तरह अतिरिक्त खाली बोतलों की आपूर्ति और फर्जी परिवहन परमिटों के जरिए अवैध शराब को दुकानों तक पहुंचाया गया। पार्ट-बी शराब की बिक्री से मिलने वाली नकद रकम को अलग रखकर सिंडिकेट की अवैध बिक्री में मदद पहुंचाई गई। एफ एल-10ए लाइसेंसी कंपनियों के माध्यम से विदेशी शराब की आपूर्ति पर कमीशन वसूला गया। हवाला और आंगड़िया नेटवर्क के जरिए अवैध धन को देश के विभिन्न शहरों और विदेश (दुबई) तक भेजा गया। इस अवैध नकद राशि को बैंक एंट्री के माध्यम से अनसिक्योर्ड लोन दिखाकर जमीन और अन्य संपत्तियों में निवेश किया गया।

राजस्व और वन मंत्री के सामने रखा जाएगा व्यवस्थापन का मुद्दा

प्रशासन की पहल पर प्रभावित परिवारों ने खत्म किया सत्याग्रह

गंगरेल बांध प्रभावित 52 गांवों के पुनर्वास पर मंत्रियों से होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंगरेल बांध के डूब प्रभावित परिवारों का अपनी मांगों को लेकर जारी अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह बुधवार शाम समाप्त हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद आंदोलन खत्म करने पर सहमति बनी। बैठक में तय किया गया कि जिला प्रशासन अगले 15 से 20 दिनों के भीतर प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और व्यवस्थापन का मुद्दा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा वनमंत्री केदार कश्यप के सामने रखेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मांगों पर चर्चा किए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। गंगरेल बांध के बोटिंग पॉइंट पर 12 अक्टूबर से शुरू हुआ जल सत्याग्रह तीन दिनों तक चला।

कल शाम गंगरेल निरीक्षण गृह में राजस्व, पुलिस और सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें एसडीएम, एसडीओपी और तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बातचीत के बाद प्रभावित परिवारों ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया।

पुनर्वास का इंतजार

गंगरेल बांध के निर्माण के दौरान 52 गांवों की जमीन और मकान डूब क्षेत्र में आ गए थे। प्रभावित परिवार लंबे समय से भूमि आवंटन और उचित पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि व्यवस्थापन का मामला वर्षों से लंबित है। प्रभावितों के अनुसार, हाईकोर्ट के आदेश के करीब छह साल बाद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

मुख्यमंत्री से मुलाकात की तैयारी

बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार, जिला प्रशासन 15 से 20 दिनों के भीतर



राजस्व मंत्री और वनमंत्री के समक्ष प्रभावित परिवारों की मांगें रखेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री की अनुमति लेकर दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल के बीच चर्चा की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। प्रभावित परिवारों को उम्मीद है कि आगामी बैठकों में उनकी मांगों पर ठोस निर्णय होगा।

बैज बोले- विभाग का नाम बदलने के बजाय आदिवासियों के कल्याण पर ध्यान दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति कल्याण विभाग का नाम बदलकर जनजाति कल्याण विभाग किए जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आपत्ति जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आदिवासी समाज की अस्मिता, पहचान और भावनाओं की अनदेखी कर रही है।

बैज ने कहा, विभाग का नाम बदलने से आदिवासी समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं होगा। सरकार को नाम परिवर्तन के बजाय कल्याणकारी योजनाओं का बजट बढ़ाने और नई योजनाएं शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा के प्रभाव में आदिवासियों की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, छत्तीसगढ़ की पहचान आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं और भाषा से जुड़ी है। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा, वनोपज संग्रहण, देवगुड़ी और घोटुल संरक्षण सहित आदिवासी समुदाय के आर्थिक-सामाजिक विकास के लिए कई कदम उठाए गए थे।



■ भाजपा सरकार आदिवासियों की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को कमजोर कर रही

बुनियादी सुविधाओं को दे प्राथमिकता

बैज ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में आदिवासी वर्ग के जल, जंगल और जमीन से जुड़े अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से आदिवासी बच्चों की शिक्षा, छात्रावास, छात्रवृत्ति, युवाओं के रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं पर प्राथमिकता से काम करने की मांग की। उन्होंने कहा, आदिवासी समाज को केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन में वास्तविक बदलाव की जरूरत है।